चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 318, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 18 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'हाईकोर्ट में जमानत याचिकाओं का तेज निपटारा करें': सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**

देश की अदालतों में यूं तो लाखों मुकदमे लंबित हैं लेकिन जमानत याचिकाओं पर सुनवाई और उनके निपटारे में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। शीर्ष अदालत की खंडपीठ ने कहा है कि देशभर के उच्च न्यायालयों में लंबे समय से लंबित जमानत याचिकाओं को जल्द सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। जस्टिस सीटी रवि कुमार और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट में जमानत की याचिकाओं को जल्द सूचीबद्ध करते हुए इनका तेजी से निपटारा करना चाहिए। धोखाधड़ी के मामले में जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा, शीर्ष अदालत पहले भी स्पष्ट कर चुकी है कि जमानत याचिका या अग्रिम जमानत की अपील 'निजी स्वतंत्रता' से जुड़ा मुद्दा है। ऐसे में इन मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सूचीबद्ध करना चाहिए। अदालत ने हाईकोर्ट में जमानत याचिकाओं पर जल्दी सुनवाई और तेजी से निपटाने का आह्वान करते हुए कहा, सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल को आदेश की प्रति मुहैया कराई जाएगी। 11 दिसंबर को पारित आदेश में शीर्ष अदालत ने कहा कि देशभर के हाईकोर्ट में शीर्ष अदालत के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

## धारावी पुनर्विकास परियोजना: अदाणी के खिलाफ सड़क पर उद्धव

**मुंबई**

एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती धारावी के पुनर्विकास परियोजना के मुद्दे पर शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने प्रसिद्ध उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ठाकरे ने धारावी पुनर्विकास परियोजना को लेकर अडानी के खिलाफ महामोर्चा निकाला। उन्होंने कहा कि मुंबई की भूमि अदाणी को नहीं हड़पने देंगे। उद्धव ठाकरे ने कहा कि धारावी पुनर्विकास परियोजना दुनिया का सबसे बड़ा टीडीआर (विकास के लिए भूमि अधिग्रहण) घोटाला है, क्योंकि सरकार अदाणी को 100 करोड़ वर्ग का टीडीआर दे रही है।

# 'भावनात्मक और रचनात्मक हैं काशी-तमिलनाडु के रिश्ते'

### - प्रधानमंत्री ने वाराणसी के नमो घाट पर किया 'काशी तमिल संगमम' के द्वितीय संस्करण का शुभारंभ





**वाराणसी**

काशी और तमिलनाडु के रिश्ते प्राचीन होने के साथ ही भावनात्मक और रचनात्मक हैं। दुनिया के दूसरे देशों में राष्ट्र एक राजनीतिक परिभाषा रही है, लेकिन भारत एक राष्ट्र के रूप में आध्यात्मिक आस्थाओं से भरा है। भारत को एक बनाया है आदि शंकराचार्य और रामानुजाचार्य जैसे संतों ने, जिन्होंने अपनी यात्राओं से भारत की राष्ट्रीय चेतना को जागृत किया। सदियों से अधीनम संत काशी की यात्रा करते रहे हैं। इन यात्राओं और तीर्थ यात्राओं के जरिए भारत हजारों साल से एक राष्ट्र के रूप में अडिग रहा है, अमर रहा है। काशी तमिल संगमम इसी एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत कर रहा है। ये बातें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नमो घाट पर काशी तमिल संगमम के द्वितीय संस्करण के शुभारंभ के अवसर पर कही। इससे पहले उन्होंने प्राचीन तमिल ग्रंथों का ब्रेल भाषा में अनुवाद किये गये विभिन्न पुस्तकों का विमोचन किया। वहीं इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी तमिल संगमम एक्सप्रेस ट्रेन को काशी से हरी झंडी दिखाकर कन्याकुमारी रेलवे स्टेशन से रवाना किया। ये साप्ताहिक ट्रेन कन्याकुमारी से वाराणसी के बीच सीधी रेल सेवा के रूप में शुरू की गई है। प्रधानमंत्री ने एआई टेक्नोलॉजी के माध्यम से पहली बार एक साथ तमिल और हिन्दी में शुरूआती तीन मिनट तक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने वणक्कम काशी, वणक्कम तमिलनाडु से अपनी बात शुरू करते हुए तमिलनाडु से वाराणसी आये लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने अतिथियों को अपना परिवार बताया और कहा कि तमिलनाडु से काशी आने का मतलब है महादेव के एक घर से उनके दूसरे घर आना। मदुरै मीनाक्षी के यहां से काशी विशालाक्षी के यहां आना। तमिलनाडु और काशीवासियों के बीच प्रेम संबंध अद्वितीय है।

## लोग विकसित भारत के संकल्प को पूरा कर रहे हैं: मोदी

**पीएम** ने कहा कि ये काम राजनीतिक नहीं है ये हर आदमी का काम है। मैं प्रधानमंत्री हूं लेकिन मुझे खुशी है कि मैं आज इस यात्रा में आया हूं। अच्छी बात बताने से अच्छाई का वातावरण पैदा होता है। घर में पैसे कम होते हैं तो बच्चों की इच्छा पूरी नहीं कर पाते वैसे ही देश को भी पैसे चाहिए। आज भारत के पास देने की ताकत आयी है। आपने मुझे देश का काम दिया है उसे महादेव की कृपा से मैं जरूर पूरा करूंगा। विकसित भारत के संकल्प को



मजबूत कीजिए। पीएम मोदी ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के दौरान संबोधन दिया। उन्होंने कहा- देश के सभी लोग विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं तो मेरा भी फर्ज बनता था कि मैं भी इसमें हिस्सा लूं। तो मैं भी आपके सेवक के रूप में आपके सांसद के रूप में आज आया हूं। सरकार जो योजना बनाती है, जिसके लिए बनाती है, वो योजना बिना परेशानी के उसके पास तक पहुंचे। उसे सरकार के चक्कर काटने की जरूरत नहीं है, सरकार को सामने से जाकर काम करना चाहिए। अभी भी खबर मिलती है कि कई लोगों को योजना का लाभ नहीं मिला है। तो हमने तय किया कि हम पता लगाएंगे तो हिसाब-किताब भी मिल जाएगा।

## मोदीमय हुआ काशी



**वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर रविवार को वाराणसी पहुंचे। लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री का स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इसके उपरांत प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कटिंग मेमोरियल ग्राउंड के लिए रवाना हुआ। एयरपोर्ट और कटिंग मेमोरियल के बीच पूरे रास्ते में प्रधानमंत्री का पुष्पवर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। वहीं मोदी-योगी जिंदाबाद के नारे गूंजते हुए। वहीं गिलट बाजार के समीप प्रधानमंत्री ने अपने काफिले को साइड कराके एंबुलेंस को भी रास्ता दिया। इसके उपरांत प्रधानमंत्री मोदी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नदेसर स्थित कटिंग मेमोरियल ग्राउंड में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा (शहरी क्षेत्र) कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने यहां लगाये गये विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल पर जाकर उनका अवलोकन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम स्वनिधि योजना, मुद्रा योजना आदि के स्टॉल पर जाकर लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने लाभार्थियों से योजनाओं के बारे में फीडबैक भी लिया। इस दौरान उन्होंने छोटे स्कूली बच्चों से भी संवाद किया। वहीं स्मार्ट सिटी के तहत कराए जा रहे कार्यों के बारे में भी प्रधानमंत्री ने जानकारी ली। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाभार्थियों को 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए शपथ भी दिलाई।

## 'संशोधन से तय हो सरकारी कर्मियों की जवाबदेही'; धरोहरों से जुड़े कानून पर संसदीय समिति का सुझाव

**नई दिल्ली**

**देश की** ऐतिहासिक विरासतों और धरोहरों से जुड़े कानून- अटअरफ अ३ में संशोधन को लेकर संसदीय समिति ने अहम सुझाव दिया है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान समिति ने सिफारिश की है कि कानून में ऐसे सख्त संशोधन किए जाने चाहिए, जिससे विरासत और धरोहरों के संरक्षण से जुड़े सरकारी कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जा सके। परिवहन, पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय के मामलों को देखने वाली स्थायी संसदीय समिति ने कहा, आने वाले संशोधनों में बेहद सख्त कानूनी प्रावधान होने चाहिए, जिनसे सरकारी कर्मचारियों



की जवाबदेही तय की जा सके। समिति ने केंद्र की तरफ से संरक्षित स्मारकों और धरोहरों को सहेजने के साथ-साथ अतिक्रमण रोकने लिए समय रहते और तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने का आह्वान भी किया। धरोहरों को सहेजने से जुड़े कानून में बदलाव पर संसदीय समिति ने अपनी सिफारिश में कहा, अगर सरकारी कर्मचारी स्मारकों के अतिक्रमण रोकने में विफल रहें और अपनी ड्यूटी में लापरवाही करते पाए जाएं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

## देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बना उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र पहले स्थान पर

**लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश को देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने की दिशा में चल रहे प्रयासों को एक ताजा रिपोर्ट ने बल दिया है। इन्वेस्टिंग और स्टॉक मार्केट पर नजर रखने वाले प्रमुख ऑनलाइन ब्लॉगिंग प्लेटफार्म ने सेंसस और सीएलएसए (क्रेडिट लियोनिस सिक्योरिटीज एशिया) पर आधारित एक क्रिएटिव ग्राफिक में बताया है कि देश की जीडीपी में शेयर के मामले में उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र के बाद दूसरे स्थान पर आ गया है। सरकारी आंकड़ों में उत्तर प्रदेश जीडीपी शेयर के मामले में तीसरे



पायदान पर था। यह योगी सरकार की एक और बड़ी उपलब्धि है। निश्चित तौर पर इसके बाद सीएम योगी का अगला लक्ष्य नंबर वन जीडीपी शेयर वाला राज्य बनने का होगा।

**अब नंबर वन पर नजर**

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शेयर किए गए इस क्रिएटिव में उत्तर प्रदेश को जीडीपी शेयर के मामले में दूसरे स्थान पर दिखाया गया है। इसके अनुसार जहां देश की कुल जीडीपी में महाराष्ट्र 15.7% जीडीपी शेयर के साथ पहले पायदान पर है तो वहीं उत्तर प्रदेश 9.2% जीडीपी शेयर के साथ दूसरे स्थान पर है। उत्तर प्रदेश ने जीडीपी शेयर के मामले में तमिलनाडु (9.1%), गुजरात (8.2%) और पश्चिम बंगाल (7.5%) जैसे राज्यों पर बढ़त बनाई है।

## एमपी: महाकाल परिसर विकास और तीर्थ दर्शन योजना पर सरकार का ब्रेक



**भोपाल**

**मध्य प्रदेश की** नवनिर्वाचित मोहन सरकार को प्रदेश की कमान संभालते ही वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार ने महाकाल परिसर विकास और तीर्थ दर्शन जैसी योजनाओं में व्यय करने पर रोक लगा दी है। इतना ही नहीं वित्तीय संकट से जूझ रही मध्य प्रदेश सरकार ने 38 विभागों की योजनाओं पर ब्रेक लगा दिया है। सरकार ने इसके आदेश भी विभागों को भेज दिए हैं। बता दें, वर्तमान स्थिति में मध्यप्रदेश सरकार पर 331000 करोड रुपये से अधिक का कर्ज है। हालांकि राज्य सरकार की वित्तीय स्थिति के अनुसार वे अभी भी 15000 करोड़ रुपये का कर्ज ले सकती है। इधर, बताया जा रहा है कि जरूरी योजनाओं को पूरा करने के लिए सरकार जल्द ही अनुपूरक बजट भी ला सकती है। वित्तीय संकट से उबरने के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने सभी विभागों को खर्च पर कटौती करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही विभागों राजस्व संग्रहण बढ़ाने के लिए भी कहा गया है। सरकार के निर्देश के अनुसार विभागों को हर हाल में राजस्व संग्रहण का निर्धारित लक्ष्य समय से पूरा करना है। इसके साथ ही विभागों को राजस्व एकत्रित करने के लिए अन्य नए सोर्स भी विकसित करने के लिए कहा गया है। सरकार ने जिन कामों पर बिना अनुमति खर्च किए जाने पर रोक लगाई है। इनमें गृह विभाग के अंतर्गत थानों के डेवलपमेंट, परिवहन विभाग की ग्रामीण परिवहन नीति के क्रियान्वयन, खेल विभाग के खेलो इंडिया एमपी, स्कूल शिक्षा विभाग की निशुल्क पाठ्य सामग्री के प्रदाय, सड़कों का नवीनीकरण और महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए भवन निर्माण सहित अन्य योजनाओं में बिना वित्त विभाग की अनुमति के खर्च नहीं किया जा सकेगा।

## संसद सुरक्षा भेदने वाले सागर शर्मा के घर पहुंची दिल्ली पुलिस, माता-पिता व बहन से हुई पूछताछ

**लखनऊ**

संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले सागर शर्मा के लखनऊ स्थित घर में दिल्ली पुलिस के अधिकारी रविवार पहुंचे और परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी।

दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने घर के अंदर दरवाजा बंद कर लिया और सागर शर्मा की मां-पिता और बहन से पूछताछ कर रहे हैं। इस दौरान वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सागर शर्मा की उसके परिजनों से बात कराई जा रही है। घर के दरवाजे पर पुलिस के जवान मौजूद हैं।

**चार बैंकों में मिले खाते, लेनदेन का ब्योरा तलाश रही पुलिस**

जांच एजेंसियां सागर शर्मा की पूरी कुंडली खंगाल रही हैं। तफ्तीश में सामने आया कि सागर के चार बैंकों में खाते हैं। सभी की पासबुक जांच एजेंसियों ने कब्जे में ली हैं। जांच एजेंसियां खातों में रकम के लेनदेन का ब्योरा खंगाल रही हैं। खातों में रकम तो अधिक नहीं है, लेकिन लेनदेन किन लोगों से हुआ ये अहम है। इसी पहलू पर एजेंसियां तहकीकात कर रही हैं। संसद के भीतर घुसकर कलर स्प्रे छोड़ने में आलमबाग के रामनगर का रहने वाले सागर शर्मा भी शामिल था। दिल्ली पुलिस उसे जेल भेज चुकी है। इधर घटना के बाद से उसके घर पर पुलिस बल तैनात है। पुलिस के अलावा कई अन्य सुरक्षा एजेंसियां उसके घर जाकर तफ्तीश कर चुकी हैं। उसकी किताबें और डायरी भी जब्त की गई थी।

## आकाश मिसाइल: हवा में एक ही साथ चार टारगेट तबाह करने की ताकत, 25 किमी तक अचूक निशाना

**नई दिल्ली**

**रक्षा** के मोर्चे पर भारत को बड़ी सफलता मिली है। डीआरडीओ ने आकाश मिसाइल की ताकत दिखाई। आकाश मिसाइल सिस्टम के प्रदर्शन में डीआरडीओ ने दिखाया कि आकाश एक साथ चार निशानों को तबाह करने की ताकत रखता है। 25 किलोमीटर तक मार करने की क्षमता वाले आकाश मिसाइल के सफल प्रक्षेपण पर डीआरडीओ ने बताया कि हवा में सटीक निशाना साधने की ताकत से लैस आकाश मिसाइल सिस्टम भारत के सुरक्षा असलहों में अत्याधुनिक हथियार के रूप में गिना जाएगा।

## इंडिया गठबंधन का क्या होगा?: केजरीवाल ने पंजाब में मांगी सभी 13 सीटें

**चंडीगढ़**

**पंजाब के** राजनीतिक गलियारों में इन दिनों आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच लोकसभा चुनाव से पहले गठबंधन की चर्चा हो रही है। इस बीच रविवार को पंजाब में सियासी पारा सरगर्म रहा। बठिंडा में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की अलग-अलग रैली में एक-दूसरे पर निशाना साधा गया। एक ओर जहां मेहराज गांव में नवजोत सिंह सिद्धू गरजे तो दूसरी तरफ आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब सीएम भगवंत मान ने कई बड़ी सौगातें लोगों को दीं। राष्ट्रीय पटल पर भले ही कांग्रेस और आप एक ही गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा हैं लेकिन पंजाब में दोनों के बीच अभी बात नहीं बन रही है। लोकसभा चुनाव से पहले पंजाब में गठबंधन की चर्चाओं के बीच अरविंद




केजरीवाल ने इशारों-इशारों में बड़ी बात कह दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी का काम देखने के बाद पंजाब की जनता ने 117 विधानसभा सीटों में से 92 पर आम आदमी पार्टी को जीत दिलाई है। मेरा दिल कह रहा है कि अगले विधानसभा चुनाव में पंजाब की जनता 110 से अधिक सीटों पर जिताएगी, क्योंकि भगवंत मान सरकार ने इतना शानदार काम किया है। इस बीच केजरीवाल ने पंजाब की जनता के सामने बड़ी मांग रख दी। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ की एक और पंजाब की 13 की 13 सीटें हमें दीजिए। हम रंगला पंजाब बनाएंगे। केजरीवाल के इस बयान से स्पष्ट हो चुका है कि आम आदमी पार्टी पंजाब में अपने दम पर चुनाव लड़ने को तैयार है। वहीं पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और प्रताप सिंह बाजवा भी कई बार अगले दम पर चुनाव लड़ने की बात कह चुके हैं।

**गठबंधन पर राजी... फिर भी आप पर बरस रहे सिद्धू**

गांव मेहराज में आयोजित कांग्रेस की रैली में नवजोत सिंह सिद्धू आप पर खूब बरसे। उन्होंने कहा कि रंगला पंजाब कहने वालों ने कंगला पंजाब बना दिया। केजरीवाल ने झूठ बोलकर सरकार बनाई। प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है। इससे पहले शनिवार को सिद्धू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी।

इसमें उन्होंने कहा था कि चुनाव से पहले केजरीवाल और भगवंत मान झूठ की पैकिंग कर लेते हैं और उसकी मार्केटिंग करते हैं। रेत और शराब माफिया पर आप सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। जब तक नशा तस्करों और पुलिस का गठजोड़ खत्म नहीं होता, तब तक पंजाब में नशा समाप्त नहीं हो सकता। आप के साथ गठबंधन के सवाल पर सिद्धू ने कहा था कि वह हाईकमान के आदेश पर बतौर सिपाही गठजोड़ के लिए काम करेंगे।

# लखनपुर जलनिगम की पाइप कई गांवों में छतिग्रस्त, खेतों में घुसा पानी

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** मेजा क्षेत्र के लखनपुर जल निगम की पाइप कई गांवों में छतिग्रस्त होने से किसान राहगीर और जल उपभोक्ता परेशान हैं। बार बार ग्रामीणों की सूचना और खबर के माध्यम से जानकारी मिलने पर भी जल निगम की छतिग्रस्त पाइप न ठीक होने से ग्रामीणों में पेयजल का संकट खड़ा हो गया। वहीं छतिग्रस्त पाइप से सड़क पर पानी बहने से बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे आए दिन मोटरसाइकिल सवार राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे। वहीं छतिग्रस्त पाइप से पानी खेतों में जा रहा है जिससे किसानों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सरकार से गुहार लगाई है जल्द से जल्द6 जलनिगम की छतिग्रस्त पाइप लाइन ठीक कराया जाए जिससे जनता में खुशहाली आए।जानकारी के लिए बता दें कि विसहिजन खुर्द गांव से हाइवे से रामनगर माता के धाम जाने वाली सड़क पर विसहिजन खुर्द गांव में लखनपुर जलनिगम की पाइपलाइन लगभग एक वर्ष से क्षतिग्रस्त है। जिससे प्रतिदिन हजारों लीटर पानी सड़क पर बह रहा है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। शिकायत के बाद भी पाइप को ठीक नहीं कराया गया। इसके चलते लोगों के घरों की जलापूर्ति ठप है। वहीं लोटाढ़ गांव में जगेपुर से लोटाढ़ बाजार जाने वाली सड़क पर पाइप छतिग्रस्त हो गई है जिससे पानी खेतों में जा रहा है जिससे किसानों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

# सांसद ने शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर बंधाया ढांढस



**शंकरगढ़।** सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने हाल ही में काल का शिकार हुए परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। दिन भर क्षेत्र में रहने के दौरान उन्होंने विकास कार्यों पर भी नजर दौड़ाई। प्रयागराज की लोकप्रिय सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने रविवार को विकास खंड शंकरगढ़ के कई ग्रामों का दौरा करने के पश्चात नगर पंचायत शंकरगढ़ पहुंची। सबसे पहले वह सदर बाजार निवासी स्वर्गीय रामसनेही गुप्ता के घर पहुंची और उनकी पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त किया और चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढांढस बंधाया। इसके पश्चात हाल ही में दुर्घटना का शिकार हुए पुरानी बाजार निवासी अस्मित केसरवानी व नागेश केसरवानी के निधन पर शोक जताने उनके घर पहुंची और परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने दुःख व्यक्त करते हुये कहा कि यह बहुत ही दुखद हादसा था। होनी को कोई नहीं टाल सकता। उन्होंने दोनों परिवार के परिजनों को हर संभव मदद का भी आश्वासन दिया। मौके पर संत प्रसाद पांडेय,भोला नाथ दुबे, रामखेलावन गुप्ता, चतुर्भुज दास गुप्ता, विजय बहादुर सिंह,सुधा गुप्ता, दिवाकर सिंह, राजेश केसरवानी,विपिन केसरवानी, सुजीत केसरवानी, कुलदीप सिंह, नेहा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### अनुसरण ही मात्र राम राज्य लाने के लिए काफी है : स्वामी श्रीधराचार्य जी महाराज



**मांडा।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की कथा अपने आप में भारतीय संस्कृति और संस्कारों की कथा है। जो पारिवारिक संबंधों के साथ ही सामाजिक विचारधारा का अप्रतिम उदाहरण है। इसका हर एक शब्द सामाजिक मर्यादा की सीख देता है। श्री राम के आचरण का अनुसरण मात्र ही रामराज्य लाने के लिए काफी है। जिनके चरित्र में परिवार के एक-एक सदस्य के साथ किस प्रकार मर्यादा का पालन करना चाहिए उसकी सीख देता है। उपरोक्त बातें मांडा क्षेत्र खुरमा में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के तहत स्वामी श्री धराचार्य जी महाराज ने श्रद्धालुओं को बताया। उन्होंने बताया कि श्री राम के चरित्र का एक-एक प्रसंग मौजूदा समाज और परिवार के लिए अनुकरणीय है। जिनके आदर्शों का पालन कर हर व्यक्ति धन्य हो सकता है। कथा के दौरान उन्होंने श्री राम के जन्म, से लेकर वनवास प्रसंग आदि का बड़े ही भावपूर्ण तरीके से संगीतमय उल्लेख किया। जिसमें भावपूर्ण संगीत के माध्यम से ही स्वामी श्री धराचार्य जी महाराज ने प्रसंग के एक-एक भाव स्पष्ट कर दिए। मौके पर कार्यक्रम के आयोजक राम अवध मिश्र, ओमप्रकाश मिश्र, राम सजीवन मिश्र, रामाज्ञा मिश्र,अरविंद मिश्र, आदि लोग मौजूद रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व गुनई में निकाली गई कलश यात्रा



**मेजा।** श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ से पूर्व रविवार को महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। विकास खंड मेजा अंतर्गत मेजा - मांडा मुख्य मार्ग पर गुनई गहरपुर में आयोजक पप्पू तिवारी के निवास पर श्रीमद्भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथा से पहले गांव स्थित पांच मंदिरों शीतला, अलोप शंकरी और बाबा बोलन नाथ धाम से होते हुए भक्ति भाव के साथ मुख्य यजमान स्व.श्रीनिवास तिवारी की धर्मपत्नी व पप्पू तिवारी की मां बेलाकली तिवारी के साथ महिला और पुरुषों ने सिर पर कलश लेकर कथा स्थल तक पहुंचे। यहां कलश में भरे जल से कथा स्थल की शुद्धि की गई। कथा वाचक पंडित आचार्य धनंजय जी महाराज के श्री मुख से कथा का वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से एक जन्मों का नहीं अपितु कई जन्मों का पाप नष्ट होकर नए शुभ कर्मों का उदय होता है।मनुष्य जन्म - मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। इस मौके पर विद्याकांत तिवारी,नरेश तिवारी,प्रेमशंकर तिवारी ,रामनिहोर तिवारीऔर इंद्रकुमार तिवारी,रवींद्र तिवारी,आशीष कुमार यादव और भुनेश्वर तिवारी मौजूद रहे।

### आरपीएफ ने मैजिक चालक को भेजा जेल



**हनुमानगंज।** रामनाथपुर रेलवे स्टेशन के पास स्थित बैरियर में मैजिक वाहन से टक्कर मारकर बैरियर का बूम तोड़ने वाले आरोपी वाहन चालक को रामबाग रेलवे पुलिस बल ने रविवार को वाराणसी कोर्ट में पेश किया था। मजिस्ट्रेट ने उसे जेल भेज दिया। बता दें कि शनिवार शाम 5:20 बजे प्रयागराज से वाराणसी ट्रेन गुजरने की सूचना पर गेटमैन बैरियर गिरा रहा था, तभी वाहन पार करने के चक्कर में मैजिक चालक राज पुत्र लालजी निवासी कहरा थाना उतरांव ने बूम में टक्कर मार दिया। इस टक्कर से बैरियर का बूम टूट गया था। बूम टूट जाने से जहां ट्रेनों का आवागमन बाधित रहा वहीं हनुमानगंज-कोटवा रोड पर घंटों जाम लगा रहा। गेटमैन ने आरोपी मैजिक वाहन चालक को पकड़ कर आरपीएफ पुलिस को सौंप दिया था। रेलवे पुलिस बल ने आरोपी वाहन चालक राज को रविवार को वाराणसी कोर्ट में पेश किया था, मजिस्ट्रेट ने उसे जेल भेज दिया।

### खेल-कूद से शारीरिक मानसिक विकास : ज्योति यादव प्रमुख



**धनूपुर।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग प्रयागराज के तत्वावधान में ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत विकास खंड धनूपुर के ग्राम सभा शुकुलपुर खेल मैदान में खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख धनूपुर ज्योति यादव ने किया।प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर ब्लाक प्रमुख ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रमुख ज्योति यादव ने कहा कि खेल-कूद प्रतियोगिता से शारीरिक मानसिक विकास होता है।खेल-कूद प्रतियोगिता में सभी बच्चों को भाग लेना चाहिए इससे मन मस्तिष्क सुदृढ़ होता है एवं शारीरिक ऊर्जा में संचार होता है। बालिका वर्ग जूनियर कबड्डी में शाहपुर विजेता बैजपुर उपविजेता, बालक वर्ग सब जूनियर में शाहपुर विजेता डाडी उपविजेता, बालीबाल सीनियर बालक वर्ग में खिजिरियहां विजेता मिश्री उपविजेता, कबड्डी सीनियर बालक वर्ग शाहपुर विजेता संसारीपुर उपविजेता बनीं।1500 एवं 800 मीटर सीनियर बालक वर्ग दौड़ में रोहित यादव प्रथम, 200 मीटर दौड़ सीनियर बालक वर्ग में आदर्श पांडेय प्रथम एवं 400 मीटर दौड़ सीनियर बालक वर्ग में मोहम्मद साजिद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि योगेश शुक्ला, बीओ बीआरडी धनूपुर, खेल प्रभारी धनूपुर एवं ज्ञानेंद्र शुक्ल, धर्मेश पांडेय, शुद्धु सेठ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सरकार से मृतक मजदूर के आश्रित को 5 लाख रुपए आवास कर्ज माफ करने की गई मांग

**10दिसंबर को गरीबी बेरोजगारी कर्जदारी के चलते युवक ने फांसी लगा की थी आत्महत्या**



**घूरपुर।** 10 दिसम्बर को गरीबी बेरोजगारी कर्जादरी के चलते बीकर गांव निवासी कृष्ण कुमार निषाद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसके आश्रितों को सहायता दिलाने के लिए रविवार के दिन अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा कमेटी बीकर ने कांटी गांव में शोक सभा का आयोजन किया। वक्ताओं ने सरकार से 5लाख रुपए आर्थिक सहायता और आवास पट्टा देने और कर्ज माफी किए जाने की सरकार से मांग की साथ ही राशन कार्ड पोर्टल खुलवाए जानें की मांग की गई।वक्ताओं ने इस बात पर भी चर्चा की कि बालू का स्थानीय काम चालू होना चाहिए ताकि इलाके के लोग गरीबी और भुखमरी का शिकार ना हों और घूरपुर बाजार में फिर से दुकानों में रौनक आ सके।शोक सभा मे सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और उनके बच्चों को मदद करने व मदद दिलाने का भरोसा दिया है। इस मौके पर एआईकेएमएस जिला अध्यक्ष राम कैलाश कुशवाहा, महासचिव कौशाम्बी फूलचंद निषाद, संजय निषाद, दीपचंद निषाद, मुन्नाराही, प्रधान प्रतिनिधि बीकर गुलाब सिंह पटेल, प्रधान कंजासा दिनेश निषाद, प्रधान बिरवल राम गुलाब निषाद, रामू निषाद, सरदार, मनोज, विनय निषाद आदि लोग उपस्थित रहे। पूर्व प्रधान बीकर प्रवीण सिंह यादव आर्थिक सहयोग में ?5000 कृष्ण कुमार की पत्नी को दिए। सभा का संचालन विनोद निषाद अध्यक्षता सुरेश निषाद ने किया।

# बोरिंग टेक्नीशियन मंत्री ने भाजपा नेता को क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत



**मेजा।** शनिवार को करछना के कटका गांव में आयोजित बिरहा समारोह बतौर मुख्य अतिथि पधारे वरिष्ठ भाजपा नेता आचार्य हरिकृष्ण शुक्ला से औपचारिक मुलाकात के दौरान एसोसियेशन बोरिंग टेक्नीशियन प्रयागराज के जिला महामंत्री राजेश तिवारी ने मेजा क्षेत्र में ब्यप्त समस्याओं से अवगत कराया साथ ही साथ उसके निदान पर भी विस्तार से चर्चा किया। श्री तिवारी ने कहा कि मेजारो ड अंडर पास खस्ताहाल सड़क का होना एवं मेजारोड से बकचुंदा मार्ग का पूर्ण रूप ध्वस्त होना मेजरोड़ चौराहे पर शौचालय का न होना मेजारॉड ओवरब्रिज पर स्ट्रीट लाइट का न होना जिम्मेदार लोगों की जहां लापरवाही दशार्ता है वहीं आए दिन सड़क दुर्घटना में आम जनमानस की जान जा रही है जिसका अतिशीघ्र निदान आवश्यक है। बोरिंग टेक्नीशियन के द्वारा बताई गई समस्याओं पर अमल करते हुए भाजपा नेता ने अशस्वस्त करते हुए कहा कि यह समस्याएं काफी जुनून हैं जिसे सरकार के संज्ञान में लाकर शीघ्र ही निस्तारण कराऊंगा। इस मौके पर दोनों संभ्रांत लोगों के साथ बृजेश तिवारी अरुण कुमार एवं शैलेन्द्र शर्मा के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए पुरस्कृत



**करछना।** युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता करछना ब्लॉक में रविवार को सरदार पटेल डिग्री कॉलेज घटवा सोनाई में आयोजित हुआ उद्घाटन समारोह सहायक खंड विकास अधिकारी उदयभान के द्वारा किया गया एथलेटिक्स में 100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग मैं सुमेरी भारतीय200 मी सीनियर बालिका में रबीना 400 मीटर 800 मी बालक सीनियर वर्ग मनोज कुमार यादव अव्वल रहे। सामूहिक खेल मैं कबड्डी बालिका वर्ग मैं घटवा और करछना संयुक्त विजेता रही। जिसका समापन ब्लॉक प्रधान संघ अध्यक्ष अवतार सिंह , ए डी ओ आईएसबी उदयभान एवं ए डी ओ कोआपरेटिव सीओ सोनल शुक्ला दिनेश श्रीवास्तव प्रधान प्रतिनिधि एवं प्रधान सोनाई मंजू लता श्रीवास्तव मौजूद रहे। संचालन करता के रूप में क्षेत्रिय युवा कल्याण अधिकारी संतोष कुमार सिंह एवं शिवम सिंह वरिष्ठ क्षेत्रिय युवा कल्याण एवं पी वी डी श्री फूल चन्द यादव ए डी ओ एवं ए डी ओ को ऑप्रेटिव तथा मुख्य कोच लक्ष्मीकांत एवं ऑफिशल केबी सिंह कॉलेज संचालक श्री राम मनोहर सिंह प्रतियोगिता में कबड्डी, वालीबाल, लम्बी दौड़ एथलेटिक आदि खेल कूद प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र, गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया,इस अवसर पर विद्यालय परिवार का सराहनीय सहयोग रहा प्रतियोगिता में दो दर्जन से अधिक क्षेत्रीय टीमों ने प्रतिभाग किया मौके पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं खेल प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# गणित प्रतियोगिता में मैडम क्यूरी ग्रुप ने लहराया परचम

**फूलपुर।** चतुमुर्खी विकास के लिए हर वर्ग में प्रतियोगिता का होना अति आवश्यक है। प्राचीन समय में भी गुणोत्तर शिक्षा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता था। आज सभी छात्र छात्राओं के बीच परस्पर प्रतिस्पर्धा का होना अति आवश्यक है। उक्त बातें रविवार को ईशा पब्लिक स्कूल बाबूगंज में आयोजित गणित प्रतियोगिता के प्रभारी मोहम्मद जावेद ने कहीं। फूलपुर के बाबूगंज स्थित ईशा पब्लिक स्कूल में आयोजित गणित प्रतियोगिता में मैडम क्यूरी ग्रुप हेड शिम्पी शुक्ला,एलिजाबेथ ग्रुप हेड मुस्कान सिंह, भगत सिंह ग्रुप हेड अंकित कुमार , छत्रपति शिवाजी ग्रुप हेड आर्या पटेल, निकोला टेस्ला ग्रुप हेड अनुज कुमार भारतीय आदि ने अन्य सदस्यों सहित प्रतिभाग किया। जिसमें मैडम क्यूरी ग्रुप ने संपूर्ण प्रतियोगिता में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर जीत हासिल की।विद्यालय के प्रबंधक विजयपाल ने सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली शिम्पी शुक्ला, मुस्कान सिंह, श्रेया पटेल,अनुज कुमार और दिव्यांश यादव आदि प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने किया। मौके पर विद्यालय की अध्यापिका इंदु त्रिपाठी,नीलम पाल, श्वेता पाल, तनु मिश्रा, पूनम पटेल पूजा चौधरी, संगीता पटेल, सविता चौरसिया, उषा राय, प्रतिभा पांडे, सोनम पाल, उपासना यादव, डीके पटेल, चंद्रभान के साथ ही विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित रहे।

**ईशा पब्लिक स्कूल में विभिन्न ग्रुपों के प्रतियोगियों ने किया प्रतिभाग**



# मानवता के कारण पृथ्वी पर जीवन संभव : डॉ वीके सिंह



**प्रतापपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्व. गुलाब चंद्र पांडेय एवं चंद्रावती देवी पांडेय पूर्व प्रधान की स्मृति में आराखुर्द, चांदोपारा गांव में उनके पुत्रों राजेंद्र पांडेय समाजसेवी, उद्योगपति एवं महेंद्र पांडेय द्वारा जरुरतमंदों के मध्य कंबल वितरण कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह ने कहा कि मानवता उस भाव का नाम है जब कोई व्यक्ति दूसरे को दर्द में देखकर दुखी हो जाता है और दूसरों को सुखी देखकर खुश हो जाता है। मानवता ही एक ऐसा भाव है जिसके कारण मनुष्य दूसरे के हित में कार्य करता है।प्राचीन काल से ही यह कहा जाता है कि मनुष्य को असहायों दीन दुखियों पर परोपकार करना चाहिए और दूसरों की मदद करनी चाहिए परोपकार ही ऐसे भाव है जिनकी वजह से पृथ्वी पर जीवन संभव है लेकिन यह हर व्यक्ति में नहीं पाया जाता है। मानवता का भाव रखने वाला व्यक्ति निस्वार्थ होकर दूसरों की मदद करता है और दूसरे के हित के लिए कार्य करता है। गरीब मजदूर पीड़ितों के हित में सोचना, विपदा में मदद करना, सबके साथ मिल जुलकर रहना, प्रेम और भाईचारे की भावना ही मानवता है।इस अवसर पर भाजपा नेता रईश चंद्र शुक्ल, इंजीनियर घनश्याम पांडेय, रमेश चंद्र पांडेय, ईश्वर चंद्र पांडेय, कृष्ण चंद्र पाण्डेय, ब्रह्मा तिवारी, डिंपी पांडेय, अरविंद विश्वकर्मा जिला पंचायत सदस्य, सौरभ तिवारी प्रधान हरीपुर, बच्चन मिश्रा प्रधान पिलखिनी, हरिप्रसाद मिश्रा प्रधान कुंदौरा, बालकृष्ण तिवारी पूर्व प्रधान, प्रधान कुंदौरा, अशोक तिवारी पूर्व प्रधान, जवाहरलाल गौड़, सभाजीत मिश्रा, पंकज तिवारी, सूरज तिवारी, पंकज पांडेय, नीरज पांडेय, नवीन पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन हौंसिला प्रसाद मिश्रा ने किया।

# पी एम के विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब प्रदेश की ग्राम पंचायतें विकसित होंगी : योगेश शुक्ल

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** आज भारत देश लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पित अनेक योजनाओं से जिस प्रकार समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े भक्ति को लाभ मिल रहा है उसी प्रकार 2047 में भारत विकसित होने जो सपना पी एम ने देखा है उस सपने हम तभी पूर्ण कर पाएंगे जब देश के साथ साथ प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायतें विकसित होगी। उक्त बातें भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के छतवा गांव पहुंचने पर आयोजित स्वागत समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज हम लोग यह संकल्प लें कि भविष्य में विकास खंड उरुवा के छतवा गांव को विकसित कर भारत देश को विकसित करने में योगदान दें। श्री शुक्ल ने उपस्थित लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि देश के लोकप्रिय पी एम मोदी की संकल्पित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े भक्ति को भी मिल रहा है जो काफी गर्व की बात है। भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए ग्राम प्रधान श्रीमती कंचन मिश्रा का आभार ब्यक्त किया। इस मौके पर चिंतामणि तिवारी अरविंद मिश्रा हरिमोहन पांडेय परमानंद निषाद रामधारी निषाद पप्पू धन्नजय यादव राकेश शुक्ल दीप चंद्र पटेल तथा हरजीत सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पुलिस ने तीन चोरों को मय पिकअप सहित दो सौ मीटर केबिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा

**मऊआइमा।** विगत दिनों मऊआइमा क्षेत्र से तीन लाख की केबिल चोरी हो गई थी।जिसमें रविवार को मऊआइमा पुलिस ने पिकअप डाला के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बसदेहया में केबिल बिछाने के रखा तीन लाख की केबिल चोरी हो गई थी।जिसमें पुलिस ने अज्ञात में में मुकदमा दर्ज किया था। मऊआइमा पुलिस ने रविवार को राम सिंह पुत्र रूकमी ग्राम मीरपुर कौशांबी, सुनील कुमार पुत्र अशरफी लाल गणेश घाट मुरादाबाद, आजाद सिंह पुत्र इन्द्रजीत बलकरनपुर सोरांव को गिरफ्तार कर दो मीटर केबिल और चोरी में प्रयोग की गयी मैजिक के साथ गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दी।



# कनौजा खुर्द में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम से हुआ समापन

**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के कनौजा खुर्द एवं उमरीमय टटिहरा ग्राम सभा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहसों ब्लॉक में चली 22 दिवसीय विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के समापन पर कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल, ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए देश एवं प्रदेश के विकास में सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा को आगे बढ़ते हुए विकास खण्ड बहादुरपुर के ग्राम पंचायतों में भी आयोजित करने के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर सुरेश विश्वकर्मा, आलोक गुप्ता, संदीप द्विवेदी, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , प्रधान धर्मेंद्र भारतीया, ग्राम सचिव ललिता यादव, अनिल कुमार सरोज, सत्यम हिंदू, पवन शुक्ला, जिला संयोजक नमामि गंगे राजधर द्विवेदी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।







## संगम में बलिया से परिवार संग स्नान करने आई तीन लड़कियां नदी में डूबीं

अखंड भारत संदेश

### एक को बचाया गया दो की हुई मौत

**प्रयागराज।** संगम में बलिया से परिवार संग संगम में स्नान करने आईं तीन लड़कियां डूब गई एक को बचाया गया दो की मौत। स्नान करने आई तीन लड़कियां रविवार की दोपहर पानी की गहराई में डूब गईं। तीनों के डूबते ही घाट पर हड़कंप मच गया। मौके पर रहे लोगों ने शोर मचाया और जल पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची जल पुलिस ने गोताखोरों की मदद से एक लड़की को बचा लिया। जबकि दो अन्य की तलाश करने के बाद जल पुलिस को उनकी लाशें मिल गई हैं। बताया जा रहा है कि बलिया के सहसवार के रहने वाले कुछ लोग अपने परिवार के साथ रविवार को संगम स्नान करने आए थे। महिलाओं के साथ कुछ बच्चे भी थे। सभी गंगा में स्नान करने लिए गये। जहां तीन लड़कियां पानी में डूबने लगीं। इस दौरान शोर मचाने पर मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची जल पुलसि के जवान और गोताखोर ने एक लड़की को बचा लिया जबकि अन्य दोनों लड़कियों को जल पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश कर लिया है। डूबने वाली लड़कियों में 22 वर्ष की पिंकी 21 वर्षीय प्रिया और 20 वर्ष की प्रियंका थीं। पानी कम होने के बावजूद पिंकी नहाते हुए बहाव में आगे चली गई और डूबने लगी। जिसे बचाने में प्रिया आगे बढ़ गई, फिर प्रियंका भी डूबने लगी। जल पुलिस के जवानों ने प्रियंका को बचा लिया मगर बाकी दो लड़कियां डूब गईं। इससे घाट पर कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों लाशों को पोस्टमॉर्टम के लिए स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय स्थित मॉच्चयुरी भेज दिया है। इस घटना से मृतक के घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आईएस के आतंकी फैजान बख्तियार की तलाश, एटीएस ने की छानबीन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** आईएस के आतंकी फैजान बख्तियार की तलाश में एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वायड) छानबीन कर रही है। उसकी तलाश में नवंबर से अब तक करेली के जीटीबी नगर में कई बार दबिश दे चुकी है। फिलहाल, सुरक्षा कारणों से एजेंसियों ने फैजान के बारे में बहुत अधिक खुलासा नहीं किया है। एटीएस उसके घर वालों से पूछताछ कर चुकी है। फैजान के दोस्तों और करीबियों के बारे में तहकीकात चल रही है। उसके सोशल मीडिया एकाउंट से भी नए दोस्तों के बारे में जानकारी इकट्ठी की जा रही है। करेली के जीटीबी नगर का रहने वाला फैजान बख्तियार अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के एमवी हाल छात्रावास में रहकर पढ़ाई करता था। उसने विश्वविद्यालय के मास्टर इन सोशल वर्क (एमएसडब्लू) में दाखिला लिया था। एटीएस के अधिकारियों के मुताबिक पढ़ाई के दौरान ही वह संभल के अब्दुल समद के संपर्क में आ गया। दोनों आईएस चीफ रहे बगदादी के वीडियो अक्सर इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करते थे। आईएस के लिए काम करने वाल वजीहुद्दीन के संपर्क में आने के बाद दोनों की विचारधारा पूरी तरह से कट्टर हो गई। फैजान और समद अन्य लोगों के साथ आईएस के माड्यूल के लिए काम करने लगे। उनका मकसद यूपी में जिहादियों की टोली तैयार कर शरिया कानून लागू करना था। स्लीपिंग माड्यूल के जरिये प्रदेश भर आतंकी घटनाओं को भी अंजाम देना था। पांच नवंबर को इसका खुलासा एटीएस की अलीगढ़ यूनिट ने करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया था। एएमयू के छात्र फैजान बख्तियार और अब्दुल समद फरार हो गए थे। उन्हें एटीएस ने केस में वांटेड कर दिया था। इसके बाद से ही जीटीबी नगर करेली के फैजान को खोजा जा रहा था। एटीएस ने फैजान की तलाश में जीटीबी नगर में कई दबिश दी लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। उसके घर वालों से भी पूछताछ की गई है।

## मां के इनकार करने पर हाईकोर्ट ने पति को सौंपी किशोरी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नारी निकेतन की एक नाबालिग लड़की की अभिरक्षा उसके पति को सौंपने की इजाजत देते हुए कहा कि समझदार और अपने भविष्य का बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लेने में सक्षम नाबालिग को अपने पसंद के व्यक्ति के साथ रहने का अधिकार है। वह अपनी मर्जी से जीवन जीने की हकदार है।यह फैसला न्यायमूर्ति बीके बिरला और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने अलीगढ़ के नारी निकेतन की नाबालिग सनिवासिनी और उसके पति की ओर से संयुक्त रूप से दाखिल याचिका को स्वीकार करने हुए सुनाया। कोर्ट ने कहा कि ऐसी नाबालिग लड़की जो अपने हित और जीवन के लिए समझदारी भरा निर्णय लेने में सक्षम है, उसे अपने पसंद के व्यक्ति के साथ रहने का अधिकार है। अपने भविष्य के लिए बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लेने की क्षमता रखने वाली नाबालिग की अभिरक्षा का निर्णय लेते समय उसके हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। मामला अलीगढ़ का है। नाबालिग लड़की की मां ने उसके पति मनीष प्रताप के खिलाफ अलीगढ़ के गांधी पार्क थाने में नाबालिग के अपहरण का मामला दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने पुलिस ने लड़की को बरामद कर नारी निकेतन भेज दिया था, जबकि पति को जेल भेज दिया गया। जमानत पर बाहर आने के बाद पति-पत्नी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। उन्होंने दलील दी कि उन्होंने अपनी इच्छा से शादी की है और पति-पत्नी की तरह रह रहे हैं। लड़की के शैक्षिक रिकॉर्ड से पता चला कि शादी के समय उसकी आयु 16 वर्ष चार माह थी। वे दोनों अपने भविष्य के बारे में समझदारी पूर्ण निर्णय लेने में सक्षम हैं।कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि इस अदालत की अन्य पीठों ने लगातार यह दृष्टिकोण अपनाया है कि जो नाबालिग अपने भविष्य के जीवन के लिए निर्णय लेने की क्षमता रखती है और स्वेच्छा से वैवाहिक रिश्ते में बंधी है, उस पर विचार करना चाहिए। वो भी तब जब नाबालिग की मां ने उसकी अभिरक्षा लेने से इन्कार कर दिया हो। ऐसे हालात में वह अपने पति के साथ जाने के लिए स्वतंत्र है।

## नमो एप्प पर टॉँप प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री मोदी के साथ लंच कर यमुनापार जिले का बढ़ाए गौरव : विनोद प्रजापति

अखंड भारत संदेश

**प्रत्येक कार्यकर्ता नमो एप्प-विकसित भारत एम्बेसडर बनकर कार्य करते हुए पुनः बनाएंगे मोदी सरकार**

**सांसद, विधायक, ब्लाक प्रमुख, जिला पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष,प्रभारी एवं नमो एप्प अभियान टोली यमुनापार जिला कार्यशाला में हुई सम्मिलित, ज़िले में नमो एप्प पर टॉँप अंक अर्जित करने वाले को प्रधानमंत्री मोदी संग लंच करने का मिलेगा सौभाग्य**




**प्रयागराज।** नमो एप्प-विकसित भारत एम्बेसडर जिला कार्यशाला यमुनापार का आयोजन रविवार को भाजपा जिला कार्यालय सिविल लाइंस प्रयागराज में ज़िलाध्यक्ष यमुनापार विनोद प्रजापति की अध्यक्षता में दो पाली में आयोजित की गई। प्रथम पाली में जिला पदाधिकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष, मोर्चा के जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष,मंडल प्रभारी व नमो एप्प अभियान की जिला टोली, विधानसभा प्रवासी, आईटी शोशल मीडिया जिला संयोजक,सह संयोजक एवं लोकसभा-विधान सभा के विस्तारको ने भाग लिया। वही दूसरी पाली में सांसद, विधायक, पूर्व विधायक ,नगर पंचायत अध्यक्ष,ब्लाक प्रमुख,जिला पंचायत सदस्य शामिल हुए। सभी को जिला संयोजक आईटी विभाग सतीश विश्वकर्मा ने बिन्दूबार बड़ी स्क्रीन पर प्रोजेक्टर द्वारा प्रशिक्षित किया। जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने कहा नमो एप्प हमारा स्वदेशी एप्प है। हम सभी कार्यकताओं को इस एप्प से जुड़कर संगठन एवं सरकार की योजनाओं को जन-जन पहुंचाकर प्रत्येक कार्य से अंक अर्जित कर ज़िले में टापं प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लंच कर यमुनापार जिले का गौरव बढ़ाए। यह एप्प मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने व प्रचार प्रसार का सुगम माध्यम सावित होगा। सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने कहा नमो एप्प से कार्यकर्ता आमजनमास जुड़कर सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सीधे लाभ उठा सकते हैं और अपनी बातों को प्रधानमंत्री तक पहुंचा सकते हैं। जिला संयोजक पुष्पराज सिंह पटेल ने नमो एप्प विषय को बिन्दूबार रखकर कार्यकताओं जनप्रतिनिधियों को नमो एप्प के विषय में अवगत कराया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यकर्ता-जनप्रतिनिधि-आम जनमानस अपने मोबाइल से 18002090920 पर मिस्ड् कॉँल करके एसएमएस द्वारा लिंक प्राप्त कर एप्प को डाउनलोड कर सकते हैं। बैठक मे सभी जनप्रतिनिधियों को कैम्प लगाकर नमो एप्प अपलोड कराने का लक्ष्य जिलाध्यक्ष ने सौंपा।संचालन ज़िला महामंत्री राजेश शुक्ला ने किया। बैठक को सांसद इलाहाबाद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी, विधायक करछना पियूष रंजन निषाद, पूर्व विधायक मेजा नीलम करवरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ नाथ भारती,शिवदत्त पटेल, महामंत्री विक्रमादित्य मौर्य,विजय शंकर शुक्ला,किसान मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा,युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष समीर मिश्रा, अल्पसंख्यक मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतबिंदर सिंह, जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख इन्द्र नाथ मिश्र, निर्मला देवी,अनिल पटेल, मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधाकर पांडेय, अरूण सिंह, सविता मिश्रा, मनोज गुप्ता,सुभाष कन्नौजिया,मिथिलेश पांडेय,राकेश विश्वकर्मा,प्रिंस गुप्ता, राजकुमार मिश्रा आदि के साथ जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकताओं ने शिरकत की।

## नैनी पीएसी 42 वी वाहिनी में स्थापना दिवस मनाया गया

अखंड भारत संदेश

### बी दल ने फाइनल मुकाबले में जीत हासिल की



**नैनी।** नैनी पीएसी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 42 वी वाहिनी पीएसी नैनी प्रयागराज में सेनानायक राजेश कुमार श्रीवास्तव के आदेशानुसार 15 से 17 दिसंबर तक शिविरपाल रविन्द्र कुमार सिंह, दलनायक सुरेश कुमार राय, दलनायक मिथिलेश कुमार राय एवं सूबेदार मेजर अनुरुद्ध सिंह भदौरिया की उपस्थिति में निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया शुक्रवार को वाहिनी कंपनी स्टोर, कंपनी कार्यालय एवं आवासों में स्वच्छता एवं रखरखाव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान का चयन किया गया। शनिवार को वाहिनी स्तर पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें 8 टीमों ने भाग लिया। रविवार को पीएसी स्थापना दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम वाहिनी क्वॉर्टर गार्द पर ध्वजारोहण किया गया तथा सशस्त्र गार्द द्वारा सलामी दी गई। तत्पश्चात सम्मेलन का आयोजन कर पीएसी वाहिनी का इतिहास, शहादत, अच्छे कार्य, उपलब्धियों के बारे में जवानों को बताया गया। सम्मेलन में उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से समस्या पूछी गई। किसी के द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गई। बाद सम्मेलन मिष्ठान वितरण किया गया। तत्पश्चात वॉलीबॉल मैच का फाइनल मुकाबला कराया गया जिसमें वाहिनी की बी दल एवं ई दल ने भाग लिया। बी दल ने फाइनल मुकाबले में जीत हासिल की।वाहिनी की समस्त कंपनी द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई जिसमे पीएसी वाहिनी दल का उद्भव, विकास, इतिहास, शहादत, अच्छे कार्य, उपलब्धियां एवं झंडे के संबंध में अभिलेख एवं फोटोग्राफ के स्टॉल लगाए गए। जिसका निरीक्षण महोदय द्वारा किया गया एवं प्रशंसा की गई।वाहिनी क्वॉर्टर गार्द एवं प्रशासनिक भवनों पर रोशनी लाइटिंग की व्यवस्था कराई गई। वाहिनी एवं दलों में रात्रि में बड़े खाना का आयोजन किया गया जिसमें समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य एवं नेत्र रोग समाधान जांच शिविर का आयोजन संपन्न

अखंड भारत संदेश

**रोटरी इलाहाबाद मिड टाऊन क्लब के तत्वावधान में आयोजित हुआ स्वास्थ्य एवं नेत्र रोग समाधान जांच शिविर**



**प्रयागराज।** रोटरी इलाहाबाद मिड टाऊन क्लब के तत्वावधान में आयोजित स्वास्थ्य एवं नेत्र रोग समाधान जांच शिविर का आयोजन आईवीडी चाका ब्लॉक में डॉ अर्पित बंसल और डॉ अनूप चौहान की टीमें ने किया। इस शिविर में लगभग 250 लोगों ने अपनी आंखों की जांच निःशुल्क करवाई और श्रेष्ट चिकित्सक द्वारा समाधान प्राप्त किया ।रोटरी इंटरनेशनल की कई इकाई भारत और अन्य राष्ट्रों में अपने जिले स्तर पर संगठित क्लब द्वारा, उनके मेंबर के माध्यम से जनता सेवा में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, ध्यान, मानसिक संतुलन, सामाजिक उत्थान, पर्यावरण, जल संरक्षण, वैज्ञानिक विकास और अंतरराष्ट्रीय सद्भावना के विकास हेतु बहुत सराहनीय कार्य कर रही है ।यह स्वास्थ्य एवं नेत्र रोग समाधान जांच शिविर क्लब अध्यक्ष श्रीमती अमृता अग्रवाल एवम ऋतु कमल अग्रवाल, क्लब सचिव के नेतृत्व में इसी कड़ी में एक कुशल प्रयत्न था।

## बिजली विभाग के जेई के सूने मकान में लाखो की चोरी

**झूंसी।** आवास विकास कॉलोनी योजना तीन लाल चौक के निकट चोरों ने एक घर का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चुराकर फरार हो गए। धनंजय कुमार बिजली विभाग में जेई हैं। वह हंडिया में तैनात हैं। शुक्रवार को घर मे ताला बंद कर वाराणसी चले गए थे। इसी दौरान ताला तोड़कर चोर अंदर घुस गए और घर में रखे 45 हजार रुपये नगद व सोने चांदी के लाखों के जेवरात चुराकर फरार हो गए। शनिवार की शाम धनंजय कुमार वापस आये तब घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

## अज्ञात चोरों ने तीन लाख का केबिल किया पार

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में ठेके पर विद्युत का केबिल बिछाने का काम किया जा रहा है। चोरों ने एक मैजिक पर तीन लाख की केबिल चोरी कर ले गए। ठेकेदार ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र देवगलपुर में जफर इंटर प्राइजेज के ठेकेदार अनुप कुमार द्वारा विद्युत केबिल का तार लगाने का काम चल रहा है। बताया गया है कि चोरों ने एक मैजिक पर पांच सौ मीटर एक ड्रम 3सी एक्स 95 कीमत तीन लाख रुपया का केबिल चोरी कर ले गए। ठेकेदार अनुप कुमार पुत्र राम सिंह ग्राम बसौधा थरवई ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## फर्जी नाप माप विभाग के कथित दो लोगों को ग्रामीणों ने पकड कर पुलिस को सौंपा

### अब तक लाखों रूपया ऐंठ कर फर्जी रसीद काट चुके हैं जालसाज



**मऊआइमा।** छल कपट जालसाजी करते हुए फर्जी रसीद नाप माप विभाग का छपवाकर वर्षों से दुकानदारों ने लाखों रूपया ऐंठने का आरोप दो फ्राडियों पर लगाते हुए ग्रामीणों ने पकड कर पुलिस को सौंप दिए हैं। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलईबाजार निवासी निसार अहमद और अमर बहादुर सहित दर्जनों दुकानदारों का आरोप है कि वर्षों से दो लोग अपने को नाप माप विभाग का कथित कर्मचारी बताया कर लाखों रूपया ऐंठते चले आ रहे हैं। आरोप है कि फर्जी रसीद भी थमाते चले आ रहे हैं ।बताया गया है कि इन जालसाजों की पोल तब खुली जब गत दिनों राजेश कुमार स्थाना वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप बांट तौल विज्ञान विभाग ने फर्जी रसीद बताते हुए नोटिस काट दिए। ग्रामीणों ने रविवार को नकली नाप माप विभाग के अरविंद कुमार कौशल,राम प्रकाश गौतम को पकड कर पुलिस के हवाले कर दिए ।तथा पकडे गए दोनों जालसाजों के खिलाफ तहरीर ग्रामीणों ने दी है ।इस बाबत एसडीएम सोरांव गणेश प्रसाद कनौजिया से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि वह इस विभाग की सच्चाई पता लगवा रहे हैं। इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है पूछताछ जारी है।

## पासी समाज के मंच तले सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न

अखंड भारत संदेश




**झूंसी।** पासी समाज के मंच तले रविवार को सामूहिक विवाह का आयोजन में बौद्ध रीति से 20 जोड़ियों की शादी संम्पन हुई। संस्था की ओर से नव दाम्पत्य को उपहार देकर उपस्थित लोगों ने शुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी।

छतनाग रोड गंगा दीप कॉलोनी श्यामलाल सामाजिक सेवा संस्थान गेस्ट हाउस में पासी समाज की संस्थापिका विधायक सोरांव गीता पासी के तत्वाधान में सामूहिक शादी समारोह का आयोजन किया गया था। उदा देवी पासी व बिजली पासी के चित्रों पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। जिसके बाद बाजे गाजे के साथ 20 दूल्हे समारोह स्थल पहुंचे जहां सभी का भव्य स्वागत किया गया। वर बधू अपने पारिजनों की उपस्थिति में सात फेरे लिए जयमाल के बाद सभी ने उनको आशीर्वाद दिया। संस्था के अध्यक्ष विनय प्रकाश ने बताया कि यह चौथी दहेज रहित शादी थी। इस दौरान न्यू पासी दर्पण पत्रिका के तृतीय संस्करण का विमोचन किया गया। इंद्रा मैराथन में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली धाविका छिप्रा सरोज को मोमेंटो व नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा निदेशक ब्रह्मदेव, राम अभिलाष सरोज, मेयर प्रयागराज गणेशचंद्र केसरवानी, विधायक बारा वाचस्पति, असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी अमित शास्त्री, पूर्व मंत्री रामानंद, डिप्टी डायरेक्टर सेवा योजन रमाशंकर, मोतीलाल कश्यप, पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना, प्रमोद कुमार, पार्षद शिवनारायण घुन्नू यादव, बंशीधर सरोज, आरपी सरोज सहित प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 313959627 में गलती से लीलावती अंकित हो गया है जो गलत है मेरा सही नाम निशा देवी पत्नी धर्म सिंह निवासी केसारी जहांगीराबाद कौशांबी है जो बैंक व अन्य अभिलेखों में अंकित है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 311914961में गलती से अजय चंद्र जायसवाल अंकित हो गया है जो गलत है मेरा सही नाम अजय कुमार पुत्र आनंद प्रकाश निवासी दारानगर कौशांबी है जो आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में अंकित है।

# कुंडा-बाबागंज में विकास का रथ नहीं रुकेगा: विनोद सोनकर

### सांसद विनोद सोनकर ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से बड़ी संख्या में लोग लाभन्वित हो रहे है। सरकार की मंशा है कि सरकारी योजनाओं से कोई पात्र व्यक्ति छूटने न पाएं। सम्बन्धित अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान दे। समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजना पहुंचे।

उक्त बातें रविवार को बाबागंज विकास खण्ड के माघी चैनगढ़ व रायगढ़ में बतौर मुख्य अतिथि कौशाम्बी सांसद, संसदीय आचार समिति लोकसभा के सभापति, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर ने कही। सांसद विनोद ने कहा कि अधिकारी यह भी ध्यान दे कि सरकार की योजनाएं अपात्रो को न मिले। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में मोदी की गारण्टी पर सरकार बनी। इस देश की जनता जनार्दन ने मोदी जी के विकास कार्यों को सराहा है। अब सिर्फ मोदी की गारण्टी ही चल रही है। यह देश की जनता ने बता दिया।



रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सांसद विनोद सोनकर।

आज मोदी की गारण्टी की गाड़ी गांव गांव पहुंच रही है। जहां पर योजनाओं से छूटे लोगों का नाम सम्बन्धित अधिकारी काउंटर लगा कर अंकित कर रहे है। 2014 के पहले कुंडा बाबागंज विकास से कोसो दूर था। सड़के ऐसी थी कि चलने लायक नही थी। आज सभी प्रमुख सड़के बन गई। कुंडा बाबागंज का विकास कार्य अब रुकने वाला नही है। आज सभी प्रमुख बाजारों में हाईमास्ट से प्रकाशमय है। सड़कों का निर्माण बराबर चल रहा है। कुंडा से जगद्गुरु कृपालु जी महराज की जन्मस्थली कृपालु धाम मनगढ़ वाया खनवारी तक सड़क को फोरलेन सड़क बनाने का प्रस्ताव दिया गया है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश सोनकर, उदय शंकर पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष आशुतोष मणि द्विवेदी, प्रधान सूरज शुक्ल, प्रधान पवन सिंह फौजी, ज्ञान चन्द्र यादव फौजी, राम शंकर यादव, विजय पाल सरोज, ज्ञानेंद्र मौर्य, हंसराज मिश्र, मयंक तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, मनोज पटेल, खण्ड विकास अधिकारी बाबागंज अरुण कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# निलय के बाल गीत संग्रह साइंस के सुर का हुआ लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराय आनादेव के प्रांगण में विज्ञान परिषद् प्रयाग के तत्वावधान में विज्ञान शिक्षक एवं लेखक अनिल कुमार निलय द्वारा विरचित बाल गीत संग्रह साइंस के सुर का लोकार्पण हुआ। इसमें विज्ञान के बाल केन्द्रित 35 गीतों का सचित्र संग्रह है, जो पुत्री दिविता सिंह को समर्पित किया गया है। इससे पूर्व निलय के तीन बाल कहानी संग्रह लॉकडाउन पॉजिटिव, स्टूडेंटनामा एवं साइंस-वाइंस प्रकाशित हो चुके हैं।

कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार डॉ० दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि साइंस के सुर शैक्षिक नवाचार का अप्रतिम उदाहरण है।



बाल गीत संग्रह का विमोचन करते अतिथिगण।

### वार्षिक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

यह पुस्तक विद्यार्थियों में सहज वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं समझ उत्पन्न करेगी। मुख्य अतिथि एलायंस क्लब इंटरनेशनल के अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक रोशनलाल ऊमरवैश्य ने कहा कि बाल साहित्य सर्वाधिक समाजोपयोगी साहित्य है। साइंस के सुर विज्ञान विषय के विद्यार्थियों के लिए तोहफा है। इस अवसर वार्षिक सम्मान समारोह भी आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दिविता सिंह, प्रेम कुमार त्रिपाठी, कुंजबिहारी काकाश्री, श्रीनाथ मौर्य सरस, प्रियंका सिंह, चन्द्रशेखर, रमेश, विनोद कुमार, रामधन आदि मौजूद रहे।

# परम्परागत कारीगरों को रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा: पूर्व जिलाध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ग्राम पंचायत मोहनगंज (विक्रमपुर मोड़) में खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष/प्रदेश सह संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठ ओम प्रकाश त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोद द्विवेदी एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में तुषारदत्त मिश्रा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राम करन दुबे द्वारा की गयी। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि उ0प्र0 एवं भारत सरकार के संयुक्त प्रयास से अन्तिम पायदान पर स्थित एवं रोजगार से वंचित बेरोजगारों हेतु विपणन विकास सहायता (एससीएसपी) योजनान्तर्गत जनपद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है जिससे शिक्षित बेरोजगारों एवं परम्परागत कारीगरों को रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। उन्होने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिल रहा है और लोगों के जीवन में खुशियॉ आ रही है। उन्होने कहा कि खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग की संचालित योजनाओं का लाभ उठाये और रोजगार के अवसर प्राप्त करें। इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राम करन दूबे ने बताया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग/उ0प्र0 माटीकला बोर्ड के द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना संचालित की जा रही है। इस अवसर पर उद्यमीगण शेखर सिंह, रणविजय सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य पंकज सिंह, समाजसेवी बीएल पासी, लल्लन वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में प्रतिभागी लोग उपस्थित रहे।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान भराये गये फार्मो का सत्यापन किया जाए: मण्डलायुक्त

### मण्डलायुक्त ने मतदाता पुनरीक्षण कार्य के लिये बूथ का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मण्डलायुक्त प्रयागराज/रोल प्रेक्षक विजय विश्वास पन्त ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 हेतु मॉडल प्राइमरी विद्यालय राजगढ़ एवं शंकरगंज में मतदाता पुनरीक्षण से सम्बन्धित फार्मो की रैण्डम चेकिंग एवं बूथों का सत्यापन किया। मण्डलायुक्त ने दोनो बूथों पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान भराये गये फार्मो का अवलोकन किया एवं उपस्थित बीएलओ से भराये गये फार्मो के सम्बन्ध में जानकारियॉ ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, उपजिलाधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के उपरान्त मण्डलायुक्त प्रयागराज ने विकास भवन सभागार में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 हेतु जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0 त्रिभुवन विश्वकर्मा) व समस्त उपजिलाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मण्डलायुक्त ने बताया कि निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जो आनलाइन आवेदन प्राप्त हुये थे उसमें कुछ कमियां पायी गयी है तथा मृतक मतदाता के नाम सूची से काफी मात्रा में हटाये गये है और जिनका कोई रिकार्ड नही था, मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि इन सबका सत्यापन करा लिया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान भराये गये फार्मो का सत्यापन अवश्य करा लिया जाये। बैठक में उन्होने कहा कि 18-19 वर्ष के मतदाता का प्रतिशत बहुत कम है, प्रतिशत को बढ़ाने हेतु इण्टर कालेज, डिग्री कालेजों व आईटीआई इन सबकी रिपोर्ट प्राप्त कर ली जाये कि सभी युवाओं का नाम मतदाता सूची में जुड़ा है या नही, यदि युवा मतदाताओं का नाम नही जुड़ा है तो उसे मतदाता सूची में जुड़वाया जाये। उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्र के अन्तर्गत कुछ गांवों का सत्यापन करायें जिससे पता चल सके कि सभी 18-19 वर्ष के मतदाताओं का नाम सूची में जुड़ा है या नही, यदि नही जुड़ा है तो सम्बन्धित बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई की जाये। मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी से कहा कि सभी उपजिलाधिकारियों से 18-19 वर्ष के मतदाताओं की रिपोर्ट प्राप्त कर ली जाये।

# ट्रेनों में जहरखुरानों की फौज कर रही मौज

### सप्ताह भर में दर्जन भर यात्री हो चुके हैं लूट के शिकार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ट्रेनों में एक बार फिर से जहरखुरानो का गिरोह सक्रिय हो गया। गिरोह के सदस्य दस दिन में दर्जन भर यात्रियों को अपना शिकार बनाकर लाखों लूट चुके हैं। खास बात यह कि अभी तक जीआरपी और आरपीएफ जहरखुरान गिरोह तक नहीं पहुंच पाई है। इससे उनके अंदर पुलिस का खौफ नहीं रहा गया। ट्रेनों में बेखौफ वारदात कर रहे हैं। जहरखुरानों के इस तरह से बिना डरे लूटपाट किए जाने की घटना ने यात्रियों के मन में अंदर ही अंदर डर बैठा दिया है।

बता दें कि गंगा सतुलज ट्रेन (13308) में सहुका थाना रामगढ़ जिला कैमूर बिहार प्रांत के रहने वाले वृद्ध दंपति विद्या सागर सिंह और धनवर्ता जो कि लुधियाना से बिहार जा रहे थे। दोनो को रास्ते में एक व्यक्ति ने समोसा खिलाकर लूट लिया था। प्रतापगढ़ में दोनो को बेहोशी हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार होने पर 16 दिसंबर को इन्हे छुट्टी दे दी गई। पौत्र विवेक इन्हे लेकर गया। उधर पंजाब मेल एक्सप्रेस में सफर के दौरान छह यात्रियों को जहरखुरानों ने अपना शिकार बनाया। इनसे लाखों के जेवर और नकदी लूट ले गए। रेल कर्मियों की मानें तो इसके अलावा और भी जहर खुरानी हुई। जो प्रकाश में नहीं आई।

#### ट्रेनों में चलती है खाकी

**प्रतापगढ़।** सफर के दौरान यात्रियों के साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए जीआरपी और आरपीएफ के सिपाहियों का दस्ता रहता है। लेकिन इन्हें भी जहरखुरान नहीं दिखाई दिए। इस बारे में एसओ जीआरपी देवेंद्र सिंह का दावा है कि जहर खुरानों पर निगाह रखी जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। बता दें कि अंतू थाने के सामने बगल में रहने वाले प्रशांत पांडेय पुत्र श्रीकांत पांडेय की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। एक वर्ष पूर्व प्रशांत पाण्डेय की शादी हुई थी। जानकारी होने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा है। प्रशांत पाण्डेय की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर सपा कार्यालय पर हुई बैठक

### जिला कार्यकारिणी व फ्रंटल अध्यक्ष रहे मौजूद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर जिला कार्यकारिणी व फ्रंटल अध्यक्ष की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य एजेंडा अपना बूथ सबसे मजबूत, वोटर लिस्ट में नाम बढ़वाने तथा लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय व संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया।

इस अवसर पर पूर्व एमएलसी डॉ.एसपी सिंह पटेल, भईयाराम पटेल, जिला उपाध्यक्ष वासिक खान, जीतलाल यादव पप्पू, डॉ.शेरबहादुर यादव, राजकुमार यादव, जावेद अख्तर, धीरज यादव, कोषाध्यक्ष अश्वनी सोनी, जिला सचिव सफात अहमद,



सपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में बोलते आशुतोष पाण्डेय।

उमेश चन्द्र पाल, शिवबहादुर विश्वकर्मा, रमेश पाठक, महेंद्र यादव, सचिन शर्मा, भागीरथी यादव, अब्दुल हई, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुनील सिंह, कामता पटेल, शबनम बानो, आशा सरोज, प्रकाश चन्द्र उपाध्याय, रामबचन यादव, रामकृष्ण चैरसिया, अवनीश यादव, मो. अफसर, सत्यनारायण यादव, गंगादीन भुर्जी, विधानसभा अध्यक्ष आरके भीम, डॉ. रामबहादुर पटेल, अहमद अली, रामधन यादव, शेरबहादुर यादव, फ्रंटल अध्यक्ष महिला सभा शान्ति सिंह, सैनिक प्रकोष्ठ सुरेश यादव, बाबा साहब वाहिनी बिपिन सरोज, युवजन सभा संजीव पटेल, एससी/एसटी लक्ष्मी रमन पासी, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ कमलेश मधुकर, शिक्षक सभा जगदीश यादव, अल्पसंख्यक सभा महासचिव अनीस अहमद, नगर अध्यक्ष शहर निसार अहमद, सिटी अमीरूल हक, मान्धाता कुलदीप यादव, वरिष्ठ नेतागण भईयाराम पटेल, अनीस खान, समीम खान, महेंद्र प्रताप यादव, रामखेलावन यादव, गोबिंद बिंद, मो.गुलजार, मेराज अहमद, जगन्नाथ यादव, संदीप कुमार शर्मा, प्रभात सिंह, उदयराज सरोज, वंशीलाल यादव, राजेश यादव, वकार अहमद, समीर सलमानी, जयप्रकाश यादव, विनय प्रताप सिंह, अजय यादव, इस्लाम अंसारी, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष मनीष पाल सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

# खेलकूद से होता है मानसिक विकास: इरमिना रेस्क्यू

### एसएनपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में हुआ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत अदलाबाद स्थित एस एन पी मेमोरियल पब्लिक स्कूल मे वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में रोमानिया देश यूरोप के फारेन अफेयरस इरमिना रेस्क्यू रही।

मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि खेल कूद से बच्चों का मानसिक विकास होता है। खेल कूद के माध्यम से एक दूसरे देश तक पहुंचा जा सकता है। खेलकूद प्रतियोगिता मे भाग लेने से बच्चो के अंदर छिपी प्रतिभा उभर बाहर आती है। खेलकूद को यदि लक्ष्य मानकर खेला जाय तो सफलता निश्चित मिलती है। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर नबाबगंज थानाध्यक्ष सुधीर



मेधावियों को सम्मानित करतीं मुख्य अतिथि इरमिना रेस्क्यू।

सोनी ने किया। खेलकूद में पहला मैच एस एन पी मेमोरियल पब्लिक स्कूल अदलाबाद व आर एन विद्यापीठ निगोहा ऊंचाहार के बीच खो-खो मैच हुआ जिसमें एस एन पी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बच्चो ने जीत हासिल किया। बच्चों को स्कूल के प्रबंधक की तरफ से उपहार भेंट किये गये और उनके उज्वजल भविष्य की कामना किया। कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों का स्कूल के प्रधानाध्यापिका ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक रोहित पाण्डेय, प्रधानाध्यापिका सीमा पाण्डेय, डा0 अंजू सबरवाल, डा0 मनोज पटेल प्रधान अंधरीपुर, युवराज साहू प्रधान अस्थान, भाजपा नेता एस पी सोनकर, नेहा साहू, पूणिमा मिश्रा, काजल गुप्ता, विनित मिश्र, विषा तिवारी, आनंद तिवारी, त्रिपुरेश पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।



सामूहिक विवाह सम्मेलन में सजी दुल्हनें।

# मौर्य बंधुत्व क्लब ने का 10वां सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मौर्य बंधुत्व क्लब प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 10वें सामुहिक विवाह सम्मेलन परिणय महापर्व में आज 9 जोड़ो का बौद्धिक पद्धति से विवाह संपन्न हुआ। आज का विवाह कार्यक्रम सम्राट हर्षवर्धन बुद्ध विहार से पधारे पूज्य ईंदजम जी ने और इंनकींबींतल डा शिव मूर्ति लाल मौर्य अध्यक्ष मौर्य सभा प्रतापगढ़ ने सहयोग कर विवाह सम्पन्न कराया इसके पूर्व चिलबिला रेलवे-स्टेशन से जल पान के पाश्चात डी जे की धुन पर प्रशासन के सहयोग से अतिथियों के साथ-साथ बारात लेकर सभी 9 जोड़े घोड़े पर सवार होकर विवाह स्थल श्री राम मौर्य रिसॉर्ट में प्रवेश किया और उनका जोरदार स्वागत किया गया इस पूरे कार्यक्रम को संपन्न कराने में पूरा सहयोग मौर्य बंधुत्व क्लब उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर रायबरेली प्रयाग राज जौनपुर लखनऊ अयोध्या अमेठी और प्रतापगढ़ की पूरी टीम लगी रही बहुत ही रोचक एवं मनमोहक रूप से विवाह संपन्न हुआ आज के मुख्य अतिथि डा शिव पाल सिंह पटेल जी उपस्थित रहें इस दौरान हजारों महिलाओं एवं पुरुष उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यालय पर नमो ऐप की हुई कार्यशाला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर नमो ऐप पर कार्यशाला का भाजपा अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव की अध्यक्षता व पवन गौतम के संचालन में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि 2024 के चुनाव की रणभेरी बजने वाली है, ऐसे में अटल की सरकार का जो डिजिटल अभियान शुरू हुआ था उसको मोदी सरकार ने परवान चढ़ाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि नमो ऐप को सभी लोग अपने मोबाइल पर डाउनलोड कर इस पर आने वाले कन्टेन्ट को ज्यादा से ज्यादा लोंगो तक पहुचाये, जिससे जो विरोधी पार्टी के द्वारा भ्रम फैला रही उससे लड़ सके और मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने में सफलता प्राप्त हो । इस मौके पर जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने मन की बात कार्यक्रम को सभी बूथों पर सुने जाने और उसको सरल ऐप पर अपलोड किए जाने की बात कही। पंकज सिंह ने नमो ऐप को संचालित करने की जानकारी दी। कार्यशाला में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष हरि ओम मिश्र, जिला महामंत्री सतीश चैरसिया, जिला



भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला में बोलते मुख्य अतिथि।

उपाध्यक्ष अशोक सरोज, पवन सिंह राजेश मिश्र राजन, सरोज त्रिपाठी, मंत्री अनराग मिश्र अजरा तर्मा राम आसरे पाल, जिला प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ल, पूर्व महामंत्री अशोक मिश्र, अंकित तिवारी, देवराज नंदन, पंकज, संदीप पांडेय, नवीन सिंह, रामजी जगत पासी, पंकज मिश्र, अंशुमान सिंह, विजय मिश्र, विद्या सागर शुक्ल सहित सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, सभी मोर्चे के मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त पेंशनरों की समस्याओं का प्राथमिकता पर होगा निस्तारण: अपर जिलाधिकारी

### 80 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले पांच पेंशनरों को किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने सेवानिवृत्त पेंशनरों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि पेंशनरों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि जिलाधिकारी की मासिक स्टाफ बैठक के एजेंडा में सेवानिवृत्त पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण की समीक्षा होगी।

अपर जिलाधिकारी आज क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी में पेंशनर दिवस पर पेंशनरों की समस्याओं को सुन रहे थे। पेंशनर दिवस पर अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी विपिन कुमार वर्मा, पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोकानिका उपाध्याय ने 80 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले पांच पेंशनरों भगवत प्रसाद शुक्ल, राम प्रताप तिवारी, मुरलीधर सिंह, जगदीश बहादुर सिंह तथा कालीदीन त्यागी को अंगवस्त्रम/माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा उनके दीघार्यु होने की कामना की। पेंशनरों की समस्याओं को सुनने के बाद अपर जिलाधिकारी ने बैठक को संबोधित करते हुए आश्वस्त किया कि पेंशनरों की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाएगा तथा जिलाधिकारी की मासिक स्टाफ बैठक के एजेंडा में पेंशनरों की समस्याओं को रखा जाएगा तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों से निस्तारण हेतु उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से अपेक्षा की की पेंशनरों के मेडिकल प्रतिपूर्ति के मामले एक सप्ताह में संबंधित विभाग को भेजें। उन्होंने एक-एक कर सभी की समस्याओं को सुना। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी विपिन कुमार वर्मा ने कहा है कि पेंशनरों की कोषागार से कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि पेंशनर की समस्या को पटल सहायक नहीं सुन रहे हैं तो उनसे सीधे मिल सकते हैं। पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोकानिका उपाध्याय ने पेंशनरों की समस्याओं को विस्तार से उठाया तथा अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक को पूर्व सहायक निदेशक सूचना आरबी सिंह, इंद्रमणि मिश्र, प्यारे लाल मिश्र, विनोद कुमार मिश्र, विधि देव शुक्ल आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर रामधन पाल, रमेश चंद्र शुक्ल, संगम लाल भ्रमर, गुरु दयाल, बाल गोविंद तिवारी तथा कोषागार के सभी पटल सहायक, ए0टी0ओ0, पेंशनर उपस्थित थे। बैठक में लेखपाल रामकरन प्रजापति, सेवानिवृत्त खण्ड विकास अधिकारी विधि देव शुक्ल, गीता, भगवत प्रसाद शुक्ल, गंगा प्रसाद, लतीफ अहमद आदि ने अपनी समस्या लिखित रूप में प्रस्तुत की।

# कौशाम्बी संदेश

## पैसे के लेनदेन के विवाद में दलित मजदूर की हत्या

### मजदूर की हत्या में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही है प्रयास

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के अलवारा गांव के रहने वाले एक मजदूर का ट्रैक्टर चालक से पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था बीती रात पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के सादुल्ला पुर के पास मजदूर की हत्या कर दी गई है और लाश को ट्रैक्टर ट्राली के नीचे सड़क पर छोड़ दिया गया जिससे दुर्घटना साबित हो सके मजदूर की हत्या करने के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है मजदूर की हत्या की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों समेत परिवार के लोग पहुंच गए हैं परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मजदूर की हत्या का मुकदमा दर्ज कर हत्यारोपियों की तलाश शुरू कर दी है मजदूर की हत्या करने के बाद ट्रैक्टर चालक अपने साथी समेत मौके से फरार हो गया है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है जानकारी



के मुताबिक महेवाघाट थाना क्षेत्र के अलवारा गांव निवासी नरेश कुमार पासी उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र अशोक कुमार मिट्टी खुदाई में मजदूरी का काम करता है ट्रैक्टर चालक से मजदूरी की रकम मांगने के चलते नरेश कुमार का विवाद हो गया बीती रात्रि नरेश कुमार मिट्टी खुदाई करने गया था सादुल्लापुर के पास ट्रैक्टर चालक ने अपने साथी के साथ मिलकर दलित मजदूर नरेश कुमार की हत्या कर लाश सड़क पर फेंक दी और दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया मामले की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं मजदूर की हत्या की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना मिलते ही मौके पर भारी फोर्स पहुंच गई परिजनों समेत मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मजदूर की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दिया है पुलिस ने ट्रैक्टर चालक सहित दो लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मजदूर की हत्या में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

### अपराधी का भतीजा भखंदा घाट से रात के अंधेरे में कराता है बालू की अवैध निकासी

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के कनैली चौकी अंतर्गत भखंदा घाट से रात नौ बजे के बाद एक अपराधी का भतीजा नदी की जलधारा से बालू की अवैध निकासी कराता है। अपराधी के भतीजे का यह खेल बहुत दिनों से चला आ रहा है कई बार थाना पुलिस के द्वारा छापा मारने से पहले ही अपराधी के भतीजे के द्वारा बालू की अवैध निकासी में लगाए गए संसाधन मौके से गायब हो जाते हैं। अपराधी के भतीजे का मुख्य पेशा अवैध तरीके से बालू और मिट्टी खनन कराना है। ग्रामीणों की माने तो एक समय ऐसा था अपराधी का भतीजा फूटी कौड़ी को मोहताज था लेकिन जैसे ही अपराधी चाचा का संरक्षण भतीजे को मिला है और यह अपराधी चाचा कभी अतीक गैंग का खासम खास रहा है अवैध तरीके से बालू और मिट्टी का खनन कराना शुरू कर दिया तब से लेकर अब तक अकूत संपत्ति अर्जित कर चुका है। राजस्व विभाग को भारी चपत लगाने वाला अपराधी के भतीजा के कारनामें से ग्रामीणों के बीच आक्रोश पनप रहा है किसी बड़ी घटना होने से पहले स्थानीय प्रशासन को जांच कराकर भखंदा घाट से रात के अंधेरे में नदी की जलधारा से अपराधी के भतीजे के द्वारा कराई जा रही बालू की अवैध निकासी पर लगाम लगाना अति आवश्यक हो गया है।



## ध्वस्त नालियां,आम रास्ता में सिल्टनुमा गन्दा कीचड़ भरा रास्ता पहचान बना मजरा

**जलभराव,नालियों की दुर्गंध और गंदगी से जूझ रहे ग्राम वासी**

**अझुवा कौशांबी।** कड़ा ब्लॉक के धुमाई ग्राम सभा के मजरा लोधन का पुरवा में गंदगी का आलम देख लोग हैरान हो रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इस मजरे में अधिकतर नालियां ध्वस्त हैं नालियों का गंदा पानी इंटर लॉकिंग सड़क पर हमेशा भरा रहता है जिस पर गुजर कर ग्रामीण चोटहिल हो रहे हैं।एक मुख्यमार्ग जो लोधन के पुरवा से मुख्य सड़क नागा बाबा साद्धो संपर्क मार्ग जोड़ती है इस मार्ग में घुटनों तक गंदा पानी भरा रहता है क ग्रामीणों को इस समस्या से प्रत्येक दिन जूझना पड़ता है मामले की कई बार शिकायत जिम्मेदारों से की गई पर किसी जिम्मेदार ने समस्या सुलझाने में रुचि नहीं दिखाई गांव के प्रमुख रास्तों में जल भराव एवं कीचड़ होने के कारण लोगों में संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है इतना ही नहीं रास्तों से गुजरने वाले लोग आए दिन गिर कर चोटहिल होते रहते हैं उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का हल नहीं निकलने पर अब ग्रामीणों को किसी से उम्मीद नहीं रह गई है बहरहाल मजरा के वाशिंदों के लिए गंदगी और जल भराव की एक आदत सी बन गई है।

## दुर्घटना में घायल युवक की जिंदगी की जद्दोहद से जूझते हुए इलाज के दौरान मौत

### एचडीएफसी बैंक शाखा भरवारी से काम निपटाकर चार दिन पहले घर वापस जाते समय हादसे का शिकार हुआ था युवक

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशांबी।** सड़क दुर्घटना में 4 दिन पहले घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई रोते बिलखते परिजनों ने आज रविवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। घटना क्रम के मुताबिक खुशनूर सिद्दीकी उम्र 28 वर्ष पुत्र अहमद अली निवासी लोंहदा एच डी एफ सी बैंक में बतौर क्लर्क कार्यरत थे इनका एक सहज जन सेवा केंद्र नगर पंचायत अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग में चलता था।युवक की शादी आने वाली फरवरी माह में कुंडा में तय थी।दुर्घटना के एक सप्ताह पहले खुशनूर का सिराथू एच डी एफ सी बैंक से भरवारी तबादला हुआ था भरवारी कार्यालय से कार्य निबटा कर 12 दिसंबर को अपनी मोटरसाइकिल से वापस घर आ रहे थे केसरिया के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटना ग्रस्त हो गए परिजनों को सूचना मिलते ही प्रयागराज में भर्ती कराया जहां गंभीर स्थिति देख परिजन लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराया गंभीर घायल खुशनूर 4 दिन जिंदगी और मौत के बीच झूलते रहे। जिसकी बीती शाम मौत हो गई रोते बिलखते परिजनो ने युवक का शव गांव लाकर नम आंखों से अंतिम संस्कार कर दिया।

## मृत्यु भोज समाज में फैली बीमारी है, इसे रोकना होगा : आर के वर्मा

**सिराथू के खोजवापुर में आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा में रानीगंज सपा विधायक ने कही बात, श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर गरीबों को कंबल और बच्चों की वितरित हुई स्टेशनरी**



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के खोजवापुर स्थित चौधरी चरण सिंह जूनियर हाईस्कूल में शंकर लाल पटेल की स्मृति में उनके पुत्र थानेश्वर सिंह ने एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में आए प्रतापगढ़ के रानीगंज से सपा विधायक आर के वर्मा ने कहा कि मृत्युभोज करना समाज में एक फैली के बीमारी के रूप में है। इसे समाप्त करने का उन्होंने आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मृत्यभोज निषेध अधिनियम 1960 के अंतर्गत भारत सरकार इसे करने वाले को एक वर्ष की सजा और एक लाख तक जुमार्ना लगा सकती है। इन परिस्थितियों में मृत्यभोज समाप्त कर उसके स्थान पर गरीबों, बच्चों और समाज के लोगों को उठाने का काम करना चाहिए। इस अवसर कार्यक्रम के संयोजक थानेश्वर सिंह ने पिता की मृत्यु के पश्चात 100 बुजुर्गों व विधवाओं को ठंड से बचने के लिए कंबल और 200 स्कूली बच्चों को पेन, पेंसिल, रबर, कटर, कापी आदि स्टेशनरी के रूप में वितरण करवाया। इस मौके पर चंदीलाल पटेल, गौरीलाल, बासदेव, टीकम सिंह, विक्रांत सिंह, दिलीप सिंह, रामकिशोर, हरीश चंद्र, आर एस पटेल, अरुण कुमार, अतुल कुमार, देवेंद्र सिंह पटेल, नवनीत यादव व निरंजन लाल सोनकर आदि उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लाभार्थियों को वितरित किया प्रमाणपत्र

**भाजपा जिलाध्यक्ष ने ग्राम पंचायत-अफजलपुरवारी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में किया प्रतिभाग**

**ग्राम पंचायत-अफजलपुरवारी, पिपरकुण्डी, बसेढ़ी, खानपुर, बिदॉव व सोनौली, मोहम्मदपुर अनेठा, हिसामपुर, कुरई, चकपिन्हा, भटवरिया एवं सिंधवल आज आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम**



**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-अफजलपुर वारी, पिपरकुण्डी, बसेढ़ी, खानपुर, बिदॉव, सोनौली, मोहम्मदपुर अनेठा, हिसामपुर, कुरई, चकपिन्हा, भटवरिया एवं सिंधवल में आज विकसित भारत संकल्प यात्राह्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने ग्राम पंचायत-अफजलपुरवारी में आयोजित श्विकसित भारत संकल्प यात्राव कार्यक्रम में प्रतिभाग कर लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रमाण पत्र वितरित किया तथा ग्रामवासियों को केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी भी दिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं लोन से सम्बन्धित अन्य समस्याओं का निस्तारण किया। किसानों को रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल भी लगायें गयें। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओ के लाभार्थियों ने योजना के लाभ से जीवन में आये परिवर्तन एवं उन्नति का अनुभव सभी से साझा किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री का रिकार्ड किया गया संदेश भी सुना।

### 18 दिसम्बर को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-मो0 पुर पइंसा,मिजार्पुर उर्फ खोजवापुर भीखमपुर बिरनेर,अवाना आलमपुर व अमीना में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा गौसेलमपुर, बरैसा, बलिहावा देह, पनारा गोपालपुर, रसूलपुर सोनी व डहरई में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 18 दिसम्बर 2023 को ह्लविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी ह्लमेरी कहानी मेरी जुबानीह्वके तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-ह्लधरती कहे पुकारह्न एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

## प्रधानमंत्री मोदी से सीधे जोड़ता है नमो एप, बात करने के साथ दे सकते है सुझाव : धर्मराज मौर्य

**नमो एप के जरिये कार्यकर्ता तैयार करेगी भाजपा, प्रत्येक लाभार्थी को विकसित भारत एंबेसडर बनाने की है तैयारी : अवधेश चंद्र गुप्ता**



**कौशाम्बी।** भाजपा जिला कार्यालय मंझनपुर में नमो ऐप कार्यशाला कौशाम्बी जनपद को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाते हुए उस विषय पर प्रकाश डाला गया ।लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा नमो एप के जरिये कार्यकताओं की नई फौज तैयार करेगी। पार्टी ने विकसित भारत संकल्प अभियान के जरिये नए मतदाताओं से लेकर मोदी-योगी सरकार की योजना के प्रत्येक लाभार्थी को विकसित भारत एम्बेसडर बनाने की तैयारी शुरू की है। 98 संगठनात्मक जिलों को दो-दो लाख विकसित भारत एम्बेसडर बनाने का लक्ष्य दिया गया है। मंझनपुर स्थित जिला कार्यालय भारतीय जनता पार्टी के सभागार में रविवार को नमो एप को लेकर आयोजित कार्यशाला में नमो एप के जरिये लोकसभा चुनाव की तैयारियो पर भाजपा ने नमो एप के जरिए लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नई योजना तैयार की है। प्रत्येक कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि को नमो एप पर सक्रिय रहना होगा तथा विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस दौरान उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मैनिट्रिंग कर रहे भोले शंकर का आशीर्वाद जनपद को प्राप्त हुआ। पूरे कार्यक्रम कार्यशाला का सफल संचालन एवम् कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री संजय जायसवाल के द्वारा संपन्न हुआ इसके साथ जनपद के लोकप्रिय जिला प्रभारी अवधेश चंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में विचार व्यक्त करते हुए नमो एप पर दो करोड़ विकसित भारत एम्बेसडर बनाने का लक्ष्य रखा है।बड़ी संख्या में कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने इस एप पर पंजीकरण किया है। प्रत्येक कार्यकर्ता को नमो एप डाउनलोड करना अनिवार्य है। प्रत्येक पदाधिकारी व बूथ स्तर के कार्यकर्ता जनता के साथ सेल्फी लेकर उन्हें विकसित भारत एम्बेसडर के रूप में नामांकित करें। इसकी जिम्मेदारी युवा मोर्चा, महिला, किसान, एससी/ एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यक मोर्चा को भी दी गई है। कार्यकर्ता वार्ड और गांव - गांव में इसके लिए शिविर लगाएं। अवधेश चंद्र गुप्ता ने बैठक कर इसकी चिंता किया तथा किसी भी तरह का कोई असुविधा या दिक्कत न हो उसके बारे में कार्यकताओं को अवगत कराया। इसी क्रम में जिला मीडिया प्रभारी गोलू सिंह पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता लोक सभा विस्तारक अमलेश, शिव मोहन मौर्य, पूर्व विधायक लाल बहादुर नमो ऐप दीप चंद्र दिवाकर ब्रम्ह प्रकाश। नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी, पार्षद जितेन्द्र साहू, विनय पाण्डे, अजय पाण्डे, प्रतिभा कुशवाहा सभी मंडलों के मण्डल अध्यक्ष नीतू कनौजिया, तारा देवी वर्मा, शीलू पाण्डे, राकेश पाण्डे आदि वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## न्यूज झरोखा

### वरिष्ठ कोषाधिकारी ने पेंशन दिवस में सुनी पेंशनर पारिवारिक पेंशनरों की समस्याएं



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार वरिष्ठ कोषाधिकारी विनय कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में आज सम्राट उदयन सभागार में पेंशन दिवस का आयोजन किया गया। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने पेंशन दिवस में पेंशनर/पारिवारिक पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं यथा-पेंशन रूकी होने, 80 वर्षीय लाभ,पारिवारिक पेंशन से सम्बन्धित, पेंशन एरियर व बैंक से सम्बन्धित एवं जीवित प्रमाण पत्र आदि समस्याओं को सुनते हुए कहा कि आपकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जायेंगा। उन्होंने पेंशनर/पारिवारिक पेंशनरों को आनलाइन जीवित प्रमाण-पत्र जमा किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी तथा वरिष्ठ पेंशनरों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया।इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, सहायक कोषाधिकारी राधेमोहन, पेंशन पटल सहायक मनोज कुमार व जितेन्द्र कुमार सहित अन्य संबंधित आधिकारीगण/कर्मचारीगण रत्नेश कुमार श्रीवास्तव दीपक कुमार सिंह व पुष्पेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### आर एम गर्ग ओपन शतरंज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कौशाम्बी** जिला शतरंज खेल संघ कौशांबी के तत्वावधान में आर एम गर्ग ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 17/12/2023 को राम जी होटल कोखराज में हुआ प्रतियोगिता पाच चरणों में की गई जिसके परिणाम निम्न हैं पहले स्थान पर प्रिया यादव दूसरे स्थान पर विनीत पाण्डेय तीसरे स्थान इन्द्र श्याम सिंह चौथा स्थान पर शिखर सिंह पांचवें स्थान पर श्री हरि छठे स्थान पर आशीष मिश्रा सातवे स्थान पर प्रशांत आठवें स्थान पर ईशान सिंह नौवें स्थान पर अनुप्रिया यादव दशवे स्थान पर दया शंकर ग्यारहवें स्थान पर उत्कर्ष सिंह बारहवें स्थान पर मो मिराज रहे आयु वर्ग 7 में पहले स्थान पर प्रनिका अग्रवाल दूसरे स्थान पर माधवी अग्रवाल तीसरे स्थान पर विष्णु भगवान की पार्थ केसरवानी रहे आयु वर्ग 9 में पहले स्थान पर विष्णु भगवान के मसूद रजा दूसरे स्थान पर सात्विक आनन्द रहे आयु वर्ग 11 में पहले स्थान पर याथार्थ दूसरे स्थान पर विष्णु भगवान के अभिनव भारतीय रहे आयु वर्ग 13 में पहले स्थान पर रिशिकेश विश्वास दूसरे स्थान पर उज्जवल सिंह तीसरे स्थान पर सागर विश्वकर्मा रहे इस प्रतियोगिता में जिले के कुल प्रयागराज , फिरोजाबाद कौशांबी बच्चों ने प्रतिभाग किया स्कूल में पहला स्थान विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल को दूसरे स्थान पर एस ए वी रहा सचिव राघवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के जिले के लगभग 50 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया पुरस्कार वितरण समारोह में राघवेन्द्र शुक्ल के द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में सचिव राघवेन्द्र शुक्ल राकेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### बैंक मित्र वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक हुई सम्पन्न



**कौशाम्बी** दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा में सीएसपी वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में रविवार को जिला कौशांबी के इकाई गठन हेतु एक बैठक आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता शीतला प्रसाद ने किया जिसमें पूरे जनपद के सभी सरकारी तथा गैर सरकारी बैंकों में कार्यरत बीसी ने प्रतिभाग किया। सभी उपस्थित बीसी/वीएलई ने संगठन के जिला इकाई गठन होने पर हर्ष व्यक्त किया। बैठक में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। सीएसपी वेलफेयर एसोसिएशन कौशांबी के अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से भगवत प्रसाद कुशवाहा, उपाध्यक्ष जय मणि तिवारी व विपिन केसरवानी, सचिव महेश कुमार मौर्य उपसचिव वागीश त्रिपाठी कोषाध्यक्ष मानिकचंद्र अग्रहरि तथा जिला कोर्डिनेटर के रूप में भूपेंद्र प्रजापति को जिम्मेदारी दी गई। जिला कार्यकारिणी के साथ 8 ब्लॉक कोऑर्डिनेटर भी नियुक्त किया गया बैठक में प्रमुख रूप से जुल्फिकार अहमद ,विपिन कुमार, अंजनी कुमार पांडे, पंकज कुमार गौतम दुर्गेश कुमार, जिगर अहमद, अतुल साहू ,राम पूजन पटेल, अनिल मौर्य, धर्मेंद्र पाल ,प्रमोद गुप्ता ,मोहम्मद आसिफ ,पंकज, अभिषेक, नवल किशोर मौर्य, सहित सैकड़ो बैंक मित्र उपस्थित रहे।

### शिव शक्ति महायज्ञ और भागवत कथा का आयोजन



**बेनीराम कटरा कौशांबी** चायल तहसील क्षेत्र के पहाड़पुर सुधवर गांव में बीते 19 वर्षों से शिव शक्ति महायज्ञ और संगीत मई श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन लगातार हो रहा है विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 17 दिसंबर रविवार से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शुरू हो गया है 23 दिसंबर को श्रीमद् भागवत कथा का समापन पूणार्हुति आयोजित है ब्रह्मलीन शिव स्वरूप ब्रह्मचारी जी महाराज कथा बेंकटेश महाराज चित्रकूट धाम के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है भागवत कथा के प्रथम दिन कार्यक्रम आयोजन सहित सैकड़ो महिला पुरुष भक्तों ने सिर पर कलश रखकर नगर भ्रमण किया भव्य कलश यात्रा का आयोजन कर श्रीमद् भागवत कथा का संगीत मई वर्णन कथा व्यास ने शुरू किया है भागवत कथा के आयोजन में कई गांव के सैकड़ो महिला पुरुष भक्त कथा व्यास के वर्णन को सुनने के लिए उत्साहित दिखाई पड़ रहे हैं।

### जालसाजी कर जमीन का कर दिया गया बैनामा

**कौशाम्बी** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के अलवारा विकासखंड सरसवां निवासी मृत्युंजय प्रताप सिंह इन दोनों प्रयागराज जनपद के कटघर में रहते हैं उनकी आराजी संख्या 856 पश्चिम शरीरा में स्थित है उनकी आराजी पर अश्वनी देवी और उनकी बेटियों ने फूलचंद सोनकर आदि को 19 जुलाई 2023 को विक्रय कर दिया है जिस पर फूलचंद सोनकर आदि उनकी जमीन पर जबरिया कब्जा कर रहे हैं मामले की शिकायत मृत्युंजय प्रताप सिंह ने जिला अधिकारी से करते हुए मामले में जांच करा कर धोखाधड़ी फ्रॉड करने वाले लोगों के कारनामो को उजागर कर उन पर मुकदमा दर्ज कराए जाने और उनकी जमीन पर गलत तरीके से कब्जा किए जाने पर रोक लगाए जाने की मांग की है

### ग्रामीणों ने बीडीओ से लगाई गुहार, आवारा पशुओं से बचाओ सरकार

**अझुवा कौशांबी** विकास खंड सिराथू सहित जिले के गांव,कस्बा क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या गहराती जा रही है हालांकि प्रशासनिक आदेश अलग ही हैं कि छुट्टा आवारा पशु गौवंश सड़कों,गलियों खेतों में दिखने पर ग्राम प्रधान सेक्रेटरी जिम्मेदार होंगे लेकिन आवारा मवेशी अभी भी झुंड की शक्ल में खेतों,खलिहानों,सड़कों में घूमते हुए मिल जायेंगे आवारा पशुओं की समस्या से जूझ रहे किसान सरकारी नुमाइंदों को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगा रहे हैं किंतु प्रशासन आवारा पशुओं की स्थिति से वाकिफ होने के बावजूद निजात दिलाने में असहाय साबित हो रहा है,पूरी तरह बेबस नजर आ रहा है। ग्राम सभा रघुनाथ पुर के मजरा डेबरा मई के किसान विजय सिंह ने आवारा पशुओं की समस्या से निजात के लिए सिराथू बीडीओ को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है उन्होंने बताया गांव सभा क्षेत्र में 6 7 की झुंड में आवारा पशु घूमते हैं जिनमे सांड भी हैं खेतों को नुकसान के साथ लोगों को घायल कर दे रहे हैं सांड बहुत ही खतरनाक हैं कई लोगों को चोटहिल कर चुके हैं रामबली किसान आलू के खेत में काम कर रहा था जिसे सांड ने मारकर घायल कर दिया।ग्रामीणों ने इन आवारा पशुओं को संरक्षित करने की गुहार लगाई है।

### बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर बाइक सवार घायल

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना अंतर्गत डकशरीरा चौराहे के पास अज्ञात बोलेरो ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार घायल हो गया। बाइक पर बैठा दूसरा व्यक्ति बाल- बाल बच गया। किसी राहगीर ने इसकी सूचना 108 एम्बुलेंस और पुलिस को दी। मौके पर पुलिस टीम पहुंची और घायल सच्चिदानंद को 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल मंझनपुर भेज दिया है।

## संपादक की कलम से

# राजनीति में जात-बिरादरी

**भाजपा** दूरदृष्टि से काम ले रही थी। वह न केवल मध्यप्रदेश के यादव समुदाय को साधना चाहती थी, बल्कि उत्तरप्रदेश और बिहार के यादवों तक यह संदेश देना चाहती थी कि भाजपा का साथ दिया तो इन राज्यों में भी मोहन यादव जैसे साधारण यादव कार्यकर्ता मुख्यमंत्री बन सकते हैं। इन प्रदेशों के अखिलेश और तेजस्वी से जुड़े यादव समूहों में भाजपा ने मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा का बीज बोने का काम कर दिया है। मध्यप्रदेश में भाजपा के चुनाव जीतने के बाद मंत्री-परिषद की जिस तरह से गोटियां बिठाई जा रही हैं, उससे साफ है कि भाजपा प्रदेश समेत राजस्थान, उत्तरप्रदेश और बिहार को जातीय महत्व का संदेश दे रही है। सबसे पहला संदेश राजस्थान की कद्दावर नेत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को है कि जब 163 सीटों की जीत दिलाने वाले शिवराज सिंह चौहान को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया, तो तुम किस खेत की मूली हो
मध्यप्रदेश में विधायक दल की बैठक में डॉ. मोहन यादव को बिना किसी विरोध के नेता चुन लिया गया। स्वयं शिवराज ने उनके नाम का प्रस्ताव किया और सांसदी छोड़कर मुख्यमंत्री बनने की कतार में बैठे सभी को समर्थन की विनम्र वाणी उच्चारित करनी पड़ी। यादव के मुख्यमंत्री बनने की घोषणा के साथ ही यह संदेश उत्तरप्रदेश के अखिलेश यादव और बिहार के तेजस्वी और तेजप्रताप यादव को चला गया कि यादवी विस्तार का यह शंखनाद भविष्य में इन दोनों प्रांतों में गूंजने वाला है। मोहन यादव को मुख्यमंत्री पद से यूं ही विभूषित नहीं किया गया है। भाजपा के पास मौजूदा वक्त में राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और बिहार में कोई प्रमुख यादव नेता नहीं है। इस नाम के सहारे इन राज्यों में जो बंसी बजेगी, उसकी धुन से कांग्रेस, सपा, राजद और जनता दल में जो यादव बेचैन हैं, वे भाजपा के प्रति लालायित होंगे। अखिलेश और तेजस्वी के यादवी वर्चस्व को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में यह संकट उठाना पड़ सकता है।

मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाना अचरज में जरूर डालता है, लेकिन करीब एक साल पहले जब शिवराज सत्ता विरोधी रुझान से जूझ रहे थे, तब भी मुख्यमंत्री बदलने की स्थिति में मोहन यादव का नाम उछला था, लेकिन केंद्रीय नेतृत्व ने बदला नहीं, क्योंकि इसके दूरगामी परिणाम झेलने पड़ सकते थे। भाजपा यदि प्रदेश में हारती तो कहा जाता कि यह हार मुख्यमंत्री बदले जाने के कारण हुई है। यह आरोप मोहन को तो झेलना ही पड़ता, केंद्रीय नेतृत्व भी इस दोष के दायरे में आता। बहरहाल मोदी और शाह की जोड़ी ने मध्यप्रदेश में स्थिति सुधारने के लिहाज से बार-बार यात्राएं करके कार्यकताओं को तो सक्रिय किया ही, शिवराज को भी मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की खुली छूट दे दी। नतीजतन शिवराज ने प्रदेश को कर्ज में डुबोने की परवाह किए बिना, कई स्त्रोतों से कर्ज लिया और उसे बांटकर सत्ता हासिल करने की राह आसान कर ली। इसमें सबसे कारगर योजना 'लाडली बहना' रही जिनके भरोसे भाजपा की नैया पार लगी। चूंकि छत्तीसगढ़ में आदिवासी विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बना दिया था, इसलिए मध्यप्रदेश में फिर से ओबीसी कार्ड खेलना जरूरी था। शिवराज की जाति किरार-धाकड़ के बाद प्रदेश में दूसरा बड़ा समुदाय लोधी है। इस समुदाय की उमा भारती मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। प्रहलाद पटेल भी इसी समुदाय से आते हैं। उन्हें केंद्रीय मंत्री और सांसदी से इस्तीफा दिलाकर विधानसभा चुनाव लड़ाया गया। वे जीत भी गए। अतएव शिवराज के बाद ओबीसी के रूप में दूसरी बड़ी दावेदारी उन्हीं की थी, किंतु इस चेहरे की फेंक लोकसभा चुनाव की दृष्टि से उपयुक्त साबित नहीं हो रही थी, लिहाजा नाम परिवर्तन जरूरी हो गया था।

# उच्च वृद्धि बनाए रखने के लिए उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा मिले

**डॉ.अजीत रानाडे**

**यह** उपभोक्ता और निवेश खर्च में वृद्धि की निरंतरता पर निर्भर करता है कि मध्यम से दीर्घावधि में 7 या 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर बनी रह सकती है या नहीं। भारत बड़े निवेश प्रवाह को आकर्षित कर रहा है तथा कई क्षेत्रों में बहुत सकारात्मक विकास दृष्टिकोण है। इसलिए विकास को बनाए रखने के लिए केवल मूल्य व नीतिगत स्थिरता और राजकोषीय विवेक की आवश्यकता होती है। सरकार ने इस साल 30 नवंबर को जुलाई से सितंबर तक की अवधि यानी दूसरी तिमाही के आर्थिक आंकड़े प्रकाशित किए। इन्हें राष्ट्रीय आर्थिक उत्पादन का त्वरित अनुमान कहा जाता है। वे आउटपुट संख्याओं के दो व्यापक सेट अर्थात सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लिए प्रदान किए जाते हैं। पहला सेट प्रत्येक व्यक्तिगत उत्पादक या क्षेत्र अथवा उद्योग द्वारा अर्थव्यवस्था में जोड़े गए मूल्य का एक उपाय है। यह निश्चित रूप से सभी उत्पादकों में मापा जाता है, चाहे वे किसान हों, छोटे उद्यमी हों या बड़ी कंपनियां। जीवीए इस प्रकार इनपुट को आउटपुट में परिवर्तित करने में जोड़े गए मूल्य को मापता है। उत्तरार्द्ध यानी जीडीपी एक निश्चित अवधि के भीतर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य है जो वार्षिक जीडीपी या त्रैमासिक जीडीपी हो सकता है। इसे तीन अलग-अलग तरीकों से मापा जाता है- या तो सभी उत्पादन के मूल्य के रूप में अथवा सभी व्यय के या सभी आय के। तीनों एक ही परिणाम देते हैं क्योंकि जो बेचा जाता है उसका कुल मूल्य उन लोगों की आय का भी प्रतिनिधित्व करता है जो बेचे जाते हैं। जीवीए और जीडीपी के बीच एकमात्र अंतर भुगतान किए गए करों या प्राप्त सब्सिडी का है। आम तौर पर जीडीपी हमेशा जीवीए से




अधिक होती है क्योंकि सरकार वास्तविक कर लगाती है जिसका संग्रह सब्सिडी से अधिक होता है। चालू मूल्य पर जुलाई से सितंबर की अवधि के लिए मापी गई जीडीपी 72 लाख करोड़ रुपये रही जो पिछले साल की समान अवधि में 66 लाख करोड़ रुपये थी। इस ओर पिछले वर्ष की समान दो तिमाहियों के लिए जीवीए क्रमशः 64 और 59 लाख करोड़ था। इस तिमाही दर पर चालू कीमतों पर वार्षिक जीडीपी चालू वित्त वर्ष के दौरान 300 लाख करोड़ तक पहुंचने की संभावना है। यह दस साल पहले 2012 की तुलना में तीन गुना या 200 प्रतिशत अधिक होगा।

जीडीपी और जीवीए के लिए बढ़ती कीमतों के असर को हटाकर इन्हीं आंकड़ों की जांच करने की जरूरत है। ऐसे में जब पिछले चार साल से मुद्रास्फीति औसतन पांच प्रतिशत के करीब है, मौजूदा कीमतों पर मापा जाने वाला जीडीपी या जीवीए में वृद्धि 'वास्तविकइ तस्वीर नहीं है क्योंकि इसमें 'बढ़ा-चढ़ाकरइ बताया जाना वाला घटक भी है। मुद्रास्फीति के प्रभाव को हटा दें तो दूसरी तिमाही के दौरान जीडीपी की वास्तविक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही जो पिछले साल की 6.2 फीसदी से ज्यादा है। यह काफी प्रसन्नता की बात है।

अगर हम इस साल की दोनों तिमाहियों यानी अप्रैल से सितंबर की अवधि को एक साथ जोड़ लेते हैं तो जीडीपी में वास्तविक रूप से 7.7 प्रश की वृद्धि हुई है। इस दर से पूरे वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि निश्चित रूप से 7 प्रति सैकड़ा को पार कर जाएगी और भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना देगी। युद्ध, मुद्रास्फीति, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, जियो पोलिटिकल तनाव और अनिश्चितता के कारण उथल-पुथल के कठिन समय में जीडीपी वृद्धि प्राप्त करना एक बहुत ही शानदार उपलब्धि है।

इसलिए हमें तीन चीजों की जांच करने की जरूरत है। सबसे पहले तो इस सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को कौन से घटक प्रेरित कर रहे हैं। दूसरा, क्या यह मध्यम से लंबी अवधि में टिकाऊ है और तीसरा, सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि के लाभ लोगों के विभिन्न वर्गों, उनकी आजीविका, आय और रोजगार के संदर्भ में लाभ के रूप में क्या बदलाव आ रहे हैं।

पहले सवाल का जवाब यह है कि उपभोक्ता खर्च की तुलना में सरकार का खर्च और निवेश खर्च बहुत तेजी से बढ़ा है। ध्यान रखें कि सरकारी खर्च 10 प्रश और निवेश खर्च (जिसे पूंजी निर्माण भी कहा जाता है) 30 फीसदी बढ़ा है। बाकी का खर्च उपभोग खर्च है जो खर्च का सबसे बड़ा हिस्सा है।

वर्तमान में शुद्ध निर्यात मुश्किल से 1 या 1.5 प्रतिशत है। गत वर्ष की तुलना में जुलाई से सितंबर की नवीनतम तिमाही के दौरान सरकारी खर्च 19 फीसदी की दर से बढ़ा। इस तिमाही में यह 7 लाख करोड़ रहा जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 5.9 लाख करोड़ था। इसी तरह, निवेश खर्च पिछले साल की तुलना में 13 प्रति सैकड़ा बढ़कर 21.5 लाख करोड़ हो गया जो पिछले साल 19.1 लाख करोड़ था। स्पष्ट रूप से ये दोनों एक शानदार गति से विकास दर को चला रहे हैं। दूसरी ओर, उपभोक्ता खर्च पिछले साल की तुलना में इस तिमाही में सिर्फ 8 प्रति सैकड़ा बढ़ा। ये सभी नाममात्र के आंकड़े हैं जिन्हें मुद्रास्फीति और बढ़ती कीमतों के प्रभाव के लिए समायोजित नहीं किया गया है। यदि आप मुद्रास्फीति के लिए सही आंकलन करते हैं तो उपभोक्ता खर्च केवल 3 प्रतिशत के आसपास बढ़ रहा है और यह सकल घरेलू उत्पाद का 60 प्रतिशत बनाता है। यदि मध्यम अवधि में वास्तविक जीडीपी वृद्धि की गति को 7 फीसदी बनाए रखना है तो उपभोक्ता खर्च घटक को 6 या 7 प्रतिशत के करीब बढ़ना होगा। इसका मतलब है कि जुलाई से सितंबर की नवीनतम तिमाही के दौरान यह (वास्तविक रूप में) जिस दर से बढ़ी है, उसे दोगुना करना। यदि रोजगार, मजदूरी और खुदरा ऋ णों में अनुरूप वृद्धि होती है तो उपभोक्ता खर्च की गति को बनाए रखा जा सकता है। खुदरा ऋणों में आवास ऋ ण शामिल हैं जो विकास में महत्वपूर्ण सहयोगी हो सकते हैं। उच्च मुद्रास्फीति उपभोक्ता भावना पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है क्योंकि लोग विवेकाधीन वस्तुओं पर खर्च में कटौती करते हैं। निवेश खर्च बढ़ रहा है जो एक बहुत अच्छा संकेत है। इसमें निजी पूंजीगत खर्च का एक बढ़ता हुआ घटक होना चाहिए और इसे केवल बुनियादी ढांचे पर सरकारी खर्च पर निर्भर नहीं होना चाहिए। राजकोषीय प्रोत्साहन प्रदान करने वाली सरकार घाटे की स्थिति से बाधित है इसलिए इसे नियंत्रित करने की जरूरत होगी। छमाही आधार पर वर्तमान कीमतों पर जीडीपी का सरकारी घटक 9 प्रतिशत बढ़ा जो उपभोक्ता खर्च घटक की तुलना में थोड़ा अधिक है। फिर भी, हम 2024 के राष्ट्रीय चुनावों के करीब आ रहे हैं

इसलिए इस वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार के पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने की संभावना है जो जीडीपी विकास को अतिरिक्त ताकत प्रदान करेगा। यह उपभोक्ता और निवेश खर्च में वृद्धि की निरंतरता पर निर्भर करता है कि मध्यम से दीर्घावधि में 7 या 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर बनी रह सकती है या नहीं। भारत बड़े निवेश प्रवाह को आकर्षित कर रहा है तथा कई क्षेत्रों में बहुत सकारात्मक विकास दृष्टिकोण है। इसलिए विकास को बनाए रखने के लिए केवल मूल्य व नीतिगत स्थिरता और राजकोषीय विवेक की आवश्यकता होती है। जहां तक तीसरे सवाल की बात है कि विकास के लाभ समाज के विभिन्न वर्गों तक कैसे पहुंच रहे हैं, हमें सर्वेक्षणों के माध्यम से अधिक सूक्ष्म आर्थिक आंकड़ों की आवश्यकता होगी। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) पुरुषों और महिलाओं दोनों द्वारा बढ़ती रोजगार संख्या और उच्च श्रम बल भागीदारी दर का संकेत दे रहा है। वास्तविक मजदूरी दरों में वृद्धि की पुष्टि करने की आवश्यकता है। चूंकि उपभोक्ता खर्च में वृद्धि की वर्तमान दर कम है, तो इसका अर्थ है कि भले ही मजदूरी बढ़ रही हो किन्तु श्रमिकों की आय पर्याप्त तेजी से नहीं बढ़ रही है। आरबीआई उपभोक्ता भावना सर्वेक्षण भी एक उपयोगी गाइड है। यहां भी मुद्रास्फीति की उम्मीद कम होने से उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ाने में मदद मिलेगी। आम तौर पर उच्च आय वाले परिवारों में बचत का अनुपात बहुत अधिक होता है इसलिए उपभोक्ता खर्च में निरंतर वृद्धि के लिए सभी आय श्रेणियों में विकास के लाभ की आवश्यकता होती है। यह कुछ ऐसा मुद्दा है जिसे हमें देखने की जरूरत है। अर्थव्यवस्था के बारे में आ रहे समाचार बेहतर हो रहे हैं और यह जरूरी है कि आर्थिक नीति यह सुनिश्चित करे कि विकास प्रक्रिया वास्तव में समावेशी हो।

**(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

# आत्म चिंतन करें मायावती

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**हाल** ही में संपन्न हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम विधानसभा के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का ग्राफ तेजी से गिरा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ जैसे हिंदी पट्टी वाले प्रदेशों में बहुजन समाज पार्टी एक तीसरे विकल्प के रूप में अपनी ताकत का एहसास कराती आई थी। मगर इस बार के विधानसभा चुनाव में बसपा का पूरी तरह सूपड़ा ही साफ हो गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में राजस्थान में बसपा को 4 प्रतिशत वोट व 6 सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार यहां बसपा 1.82 प्रतिशत वोटों के साथ मात्र दो सीटों पर ही सिमट गई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में बसपा को मात्र 721037 वोट मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछली बार बसपा को दो सीट व 5.01 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि इस बार के चुनाव में वहां बसपा को 3.40 प्रतिशत यानी 14,77,202 वोट तो मिल गए मगर सीट एक भी नहीं मिली। इसी तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पिछली बार बसपा को दो सीटों के साथ 552313 यानी 3.9 प्रतिशत वोट मिले थे। मगर इस चुनाव में वहां बसपा को सीट तो एक भी नहीं मिली उसके साथ ही वोटों में भी गिरावट दर्ज हुई है। वहां बसपा को 319903 यानी 2.05 प्रतिशत वोट ही मिले हैं। तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला। वहां पार्टी को 321074 यानी 1.37 प्रतिशत वोट मिले हैं। मिजोरम में तो वैसे ही बसपा का कोई नाम लेवा नहीं है। 2022 में हिमाचल



प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बसपा 53 सीटों पर चुनाव लड़ी मगर एक भी प्रत्याशी नहीं जीत पाया था। वहां पार्टी को 14613 यानी 0.35 प्रतिशत मत मिले थे। पिछले गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में वहां बसपा ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें 100 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के जमानत जप्त हो गई थी। वहां पार्टी को मात्र 158123 यानी 0.5 प्रतिशत मत मिले थे। उतराखंड में बसपा के दो व पंजाब में एक विधााक है। उत्तर प्रदेश की स्थिति देखें जहां से बसपा का जन्म हुआ था। वहां 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी महज एक सीट ही जीत सकी थी। वहां बसपा को सिर्फ 12.88 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीट व 22.31 प्रतिशत वोट मिले थे। 2012 की विधानसभा चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 80 सीटों के साथ 25.91 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने 30.43 प्रतिशत वोटो के साथ 206 सीट जीतकर अपने दम पर सरकार बनाई थी। 2002 के चुनाव में बसपा को 98 सीट व 23.6 प्रतिशत वोट मिले थे। 1996 के चुनाव में 67 सीट व 19.64 प्रतिशत वोट मिले थे। 1993 के चुनाव में 67 सीट व 11.12 प्रतिशत वोट, 1991 के चुनाव में 12 सीट व 9.44 प्रतिशत वोट मिले थे। 1989 के चुनाव में पहली बार बसपा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़कर 13 सीट तथा 9.41 प्रतिशत वोट पाए थे। उपरोक्त आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि बहुजन समाज पार्टी का जनाधार लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है। लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देख तो 2019 के चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 10 सीटें व 3.67 प्रतिशत वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि पार्टी को 4.19 प्रतिशत वोट मिले थे। 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में 20 व मध्य प्रदेश में एक कुल 21 सीट व 6.56 प्रतिशत वोट पाए थे। 2004 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 19 सीट जीतकर 5.33 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 1999 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 14 सीट जीती थी तथा 4.16 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 1998 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में चार व हरियाणा में एक कुल पांच सीट जीती थी तथा 4.67 प्रतिशत वोट पाए थे। 1996 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 6 पंजाब से तीन व मध्य प्रदेश से दो यानि कुल 11 सीट जीती थी तथा 4.02 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1991 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने मध्य प्रदेश में एक पंजाब में एक व उत्तर प्रदेश में एक कुल तीन सीट जीती थी वहीं 1.61 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1989 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था और पार्टी ने उत्तर प्रदेश में तीन व पंजाब में एक कुल चार सीटे जीत कर 2.07 प्रतिशत वोट पाये थे। पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी से समझौता होने के चलते 10 सीटों पर जीत जरूर हासिल कर ली थी। मगर उसके बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने समाजवादी पार्टी से अपना चुनावी गठबंधन समाप्त कर दिया था और एकला चलों की नीति पर ही 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव लड़ा था। जिसमें पार्टी का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा था। 2022 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां से बसपा एक ताकत बनकर उभरी थी और चार बार सरकार बना चुकी है। वहां मात्र एक सीट पर सिमट जाना पार्टी के नेताओं के लिए बड़े शर्म की बात है। काशीराम के जमाने में बसपा का पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे कई प्रदेशों में बड़ा प्रभाव रहता था। लेकिन अब धीरे-धीरे बसपा सिमटने लगी है। बसपा से जीते हुए बहुत से सांसद, विधायक दल बदल कर दूसरे दलों में शामिल हो जाते हैं। जिससे बसपा दिनोदिन कमजोर होने लगी है। राजस्थान विधानसभा के 2008 व 2018 के चुनाव में बसपा से 6-6 विधायक चुनाव जीते थे। मगर दोनों ही बार सभी विधायकों ने कांग्रेस में विलय कर गहलोत सरकार में मंत्री व अन्य लाभकारी पदों पर बैठ गए थे। कभी बसपा में कैडर पार्टी का मुख्य आधार होता था। मगर आज पार्टी में कैडर नाम मात्र का भी नहीं बचा है। पार्टी के अधिकांश बड़े पदों पर पुराने नेताओं के स्थान पर दलबदलुओं का कब्जा हो गया है। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती का अकेले चलो की सोच ने पार्टी को रसातल में पहुंचा दिया है। मायावती ना तो केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा के साथ जाना चाहती है और ना ही इंडिया गठबंधन में शामिल होना चाहती है। ऐसे में एकला चलो की नीति बसपा के लिए आत्मघाती साबित हो रही है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को विधिवत अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है ताकि पार्टी को एक युवा नेता मिल सके। अब आगे उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड कि राजनीति स्वयं मायावती देखेगी बाकी के प्रदेशों में संगठन का काम आकाश आनंद संभालेंगे। यदि मायावती को अपनी पार्टी का राजनीतिक अस्तित्व बचाना है तो उन्हें भाजपा नीत एनडीए या कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन में से किसी एक का साथ भी लेना होगा। बिना किसी गठबंधन में शामिल हुए बसपा का जनाधार बचना मुश्किल लग रहा है। केंद्र सरकार के विरोधी इंडिया गठबंधन में शामिल अधिकांश दलों के नेता भी चाहते हैं कि मायावती उनके गठबंधन में शामिल होकर भाजपा के खिलाफ विपक्ष की एकता को मजबूत करें। अब इस बात का फैसला तो खुद मायावती को ही करना है कि वह किसी गठबंधन में शामिल होगी या फिर अपना एकला चलो का राग ही अलापति रहेगी।

# भारतीय शेयर बाजारों में तूफानी तेजी तेजी देखने को मिली

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर एक कहावत दिनांक 13 दिसंबर 2023 देर रात्रि को अमेरिकी केंद्रीय बैंक (फेडरल रिजर्व) ने पूरी तरह सच्चा साबित कर दियाकि अमेरिका शींक्ता भी है, तो पूरी दुनियां में सर्दी लग जाती है। हुआ यूं कि देर रात्रि को फेडरल रिजर्व ने एक बैठक में ब्याज दरों को स्थिर रखना, यानी कोई बदलाव नहीं करने का फैसला लिया जिसपर पूरी दुनियां की नजरें लगी हुई थी! बस फिर क्या था फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का निर्णय आते ही पूरी दुनियां का शेयर बाजार जगत झूम उठा। शेयरों के भाव ऊंचाइयों तक चले गए भारतीय सेंसेक्स व निफ़्टी भी नई ऊंचाइयों को छूंनें लगा और तूफानी तेजी देखने को मिली जो कि अभी भी शुरू है इसीलिए ही आज भी कहा जाता है कि केंद्रीय मौद्रिक नीति उपकरण व ब्याज दरों पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फसलों से वित्तीय बाजार पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है चूंकि एफओएमसी के फैसले से भारत का सेंसेक्स हजार से अधिक युवा उछल गया, रिकॉर्ड ऊंचाइयों तक पहुंच गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के फैसले के बाद सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाइयों को छू गया है, यानी अमेरिकी केंद्रीय बैंक के फैसले से भारतीय शेयर बाजारों में तूफानी तेजी देखने को मिली। साथियों बात अगर हम एफओएमसी के निर्णय के प्रभाव की करें तो, फेडरल रिजर्व ने एफओएमसी की बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया और इनको 5.25-5.50 फीसदी पर स्थिर रखा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक की ब्याज दरें निर्धारित करने वाली फेडरल ओपन मार्केट कमिटी के इस फैसले से दुनियाभर के बाजारों को राहत मिली है। फेड चेयरमैन ने ब्याज दरों को यथावत रखते हुए इन्हें 22 साल की ऊंचाई पर बरकरार रखा है। एफओएमसी की दो दिन चली बैठक के बाद यूएस फेडरल रिजर्व चेयरमैन ने साल 2023 की आखिरी रेट बैठक में बेंचमार्क इंटरेस्ट रेट को 5.25-5.50 फीसदी पर रखा है। ये बाजार के अनुमान के मुताबिक ही रहा और लगातार तीसरी बार बिना बदलाव का रुख एफओएमसी ने अपनाया है। फेडरल रिजर्व ने साल 2024 के लिए जरूर राहत का संकेत दिया है और फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने अगले साल ब्याज दरों में 0.75 फीसदी की कटौती की बात कही है। इसके अलावा 2024 के लिए अमेरिका में बेरोजगारी दर के 4.1 फीसदी रहने का अनुमान बरकरार रखा गया है. वहीं अगले साल अमेरिका की जीडीपी ग्रोथ के अनुमान में कटौती की गई है. इसको 1.5 फीसदी से घटाकर 1.4 फीसदी कर दिया गया है। महंगाई दर के लिए फेड कमिटी का कमेंट।फेड चेयरमैन ने कहा कि महंगाई दर में कमी आई है लेकिन ये अनुमान से ऊपर बनी हुई है. फेड चेयरमैन के मुताबिक साल 2024 के आखिर तक मुख्य महंगाई दर के घटकर 2.4 फीसदी रहने का अनुमान है जो सितंबर में दिए गए 2.6 फीसदी के पूवार्नुमान से कम है. कोर इंफ्लेशन को खाने-पीने के सामान और पावर की लागत को शामिल किया जाता है. इसे महंगाई दर के भविष्य के रास्ते का बेहतर माप माना जाता है। बाजार उछले कल एफओएमसी मीटिंग के फैसलों के बाद जाहिर तौर पर अमेरिकी बाजारों के लिए पॉजिटिव माहौल बना और बुधवार के ट्रेड में यूएस मार्केट में शानदार तेजी देखी गई।अमेरिकी बाजारों में जोश देखा गया और जनवरी 2022 के बाद डाओ जोंस रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ है। नैस्डेक और एसएंडी 500 में 1-1 फीसदी का उछाल दर्ज किया गया।

साथियों बात अगर हम एफओएमसी के निर्णय से शेयर बाजारों में प्रभाव की करें तो, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नरम रुख से दुनिया भर के बाजारों में उत्साह देखा गया जिससे शेयरों की कीमतों में तेजी दर्ज की गई। इस बीच निवेशक पहले के अनुमान की तुलना में दर में तीव्र कटौती की उम्मीद कर रहे हैं, जिससे जोखिम वहन का पैमाना माने जाने वाला 10 वर्षीय अमेरिकी बॉन्ड का प्रतिफल 4 फीसदी से नीचे आ गया।अमेरिका में ब्याज दरें 22 साल के उच्च स्तर हैं। फेड के चेयरमैन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि अमेरिका का केंद्रीय बैंक 2024 से दरों में कटौती शुरू करेगा। केंद्रीय बैंक के कुछ अधिकारियों ने संकेत दिए कि अगले साल दर में 75 आधार अंक की कटौती हो सकती है, जो बाजार के अनुमान से ज्यादा है।बुधवार को अमेरिकी शेयर बाजारों में शानदार तेजी आई है जिसका असर आज देसी बाजार में भी दिखा औरसूचकांक बढ़त के साथ खुले। कारोबार की समाप्ति पर सेंसेक्स और निफ्टी दोनों नए शिखर पर पहुंच गए।

# नेपाल के साथ व्यापार संबंधों में भारत की ढिलाई से चीन को फायदा

**आशीष विश्वास**

**भारत**-बांग्लादेश द्विपक्षीय विकास परियोजनाओं के लिए भारतीय सामग्री-खरीद आवश्यकताओं को 75 फीसदी पर रखा गया था। यहां तक कि बांग्लादेशी अधिकारियों ने कम से कम 50 फीसदी की कटौती की मांग की थी। इसे अब दिल्ली द्वारा आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी गई है, जिससे बांग्लादेश सरकार, विभिन्न ठेकेदारों और आपूर्तिकताओं को बड़ी राहत मिली है। नेपाल चाहता है कि भारत द्विपक्षीय सड़क विकास परियोजनाओं में सहायता प्राप्तकर्ता देश के रूप में 50 फीसदी भारतीय वस्तुओं के अनिवार्य उपयोग/खरीद की सीमा को घटाकर 30 फीसदी कर दे। नेपाल सरकार (जीओएन) के अधिकारियों ने कुछ महीने पहले यह मांग उठाई थी, लेकिन भारत ने अभी तक आधिकारिक तौर पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। चाहे जो हो, नेपाली अनुरोध को कुछ अन्य हालिया घटनाक्रमों के व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

पूर्व हिमालयी साम्राज्य ने पूरी तरह से चीन द्वारा वित्त पोषित होने वाली रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बिजली आपूर्ति परियोजना को अंतिम रूप दिया है। यह नेपाल के बिजली उत्पादन/आपूर्ति क्षेत्र में पहली चीन-नेपाली द्विपक्षीय परियोजना होगी। इस क्षेत्र में, नेपाल पहले से ही दिल्ली की वित्तीय मदद और विशेषज्ञता के साथ, एक दर्जन बड़े निवेश वाली जलविद्युत उत्पादन परियोजनाओं में भारत के साथ साझेदारी कर रहा है। इनमें से कुछ वर्तमान में निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।

# नमो ऐप का लोकसभा चुनाव में मिलेगा लाभः अनिल यादव

### नमो ऐप कार्यशाला सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला पंचायत सभागार में नमो ऐप कार्यशाला भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता व जिला प्रभारी अनिल यादव के मुख्य आतिथ्य में हुई।

रविवार को जिला प्रभारी अनिल यादव ने नमो ऐप कार्यशाला मे कहा कि नमो ऐप पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ को नमो ऐप मोबाइल मे डाउनलोड करने का काम करना है। ज्यादा से ज्यादा लोगो को नमो ऐप से जोडना है। आईटी से जुडे पदाधिकारियों का सहयोग लेते हुये नमो ऐप डाउनलोड कराने का काम करना है। आगामी सौ दिनो तक पार्टी की गतिविधियो को नमो ऐप में डालना है। जिले में दो सौ लोगो को नमो ऐप का ब्रांड एम्बेसडर बनाना है। जो ज्यादा से ज्यादा नमो ऐप से पार्टी कार्यक्रमो को प्रचारित करने का काम करेंगे, उन्हें पार्टी पुरस्कृत करेगी। प्रभारी ने कहा कि मौजूदा समय में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में ज्यादा से ज्यादा पदाधिकारियों, कार्यकताओं को सहभागिता करनी है। यात्रा के उद्देश्यों को गांवो मे जो लाभार्थी रह गये है, उन्हें लाभ दिलाने व स्वास्थ्य परीक्षण कराना है। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने



कार्यशाला में मौजूद भाजपा नेता।

नमो ऐप कार्यशाला पर कहा कि नमो ऐप भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व के आवाहन से चलाया जा रहा है। नमो ऐप को 851 बूथों पर डाउनलोड कराना है। ज्यादा से ज्यादा पार्टी कार्यक्रमो को नमो ऐप मे डालना है। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि पार्टी की कई जनकल्याणकारी योजनायें चल रही हैं। सबको मिलकर प्रचार करते हुये छूटे लोगो को लाभ दिलाना है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि सरल ऐप के साथ पार्टी की अन्य जो कार्यक्रम चलाये हैं, उन्हें सफलता से संचालित करना है। पूर्व सांसद रमेशचन्द्र द्विवेदी ने कहा कि पार्टी जो कार्यक्रम चलाती है, उसके बडे उद्देश्य होते हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को लाभ मिलेगा।

इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, नगर पालिका कर्वी चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, अरविन्द मिश्रा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, जिला संयोजक नमो ऐप अभियान अश्वनी अवस्थी, सह संयोजक भागवत त्रिपाठी व राजेश्वरी द्विवेदी ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यशाला मे पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, शिवशंकर सिंह, आनन्द त्रिपाठी, रामरतन प्रजापति, तीरथ तिवारी, राजीव त्रिपाठी, आलोक पांडे, आनन्द पटेल, बृजेश पांडे, अंजू वर्मा, राघवेन्द्र सिंह, पप्पू पाल, प्रेमलाल बाल्मीकि, संतोष मिश्रा, विनीत द्विवेदी, पुष्पराज सिंह, जगदीश गौतम, रामेन्द्र गौतम, हीरो मिश्रा, संजय पांडे, बाला जी, श्रवण पटेल, विनोद पाडे, सच्चिदानंद गर्ग, छोटा गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, मनीष सिंह, शोभित केशरवानी, बबलू तिवारी, जानकीशरण तिवारी, आशीष पांडे आदि मौजूद रहे।

## सवर्ण आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष बने संदीप द्विवेदी

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** सवर्ण समाज के मुद्दों पर जोरशोर से मुखर आवाज उठाने वाले संगठन सवर्ण आर्मी के सभी प्रकोष्ठों के भंग होने के बाद सवर्ण आर्मी गठन व विस्तार की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

रविवार को सवर्ण आर्मी प्रमुख सर्वेश पांडे ने प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया। समाजसेवी सुमित शुक्ला ने बताया कि जिले के नगर पंचायत मऊ निवासी संदीप द्विवेदी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है। जिले के कुलदीप पांडेय को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया है। सवर्ण आर्मी संगठन विस्तार में संदीप द्विवेदी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जिले के सवर्ण आर्मी सदस्यों ने खुशी जताई है।



खुशी जताते सवर्ण आर्मी सदस्य।

संदीप द्विवेदी ने बताया कि वे सवर्ण समाज के मुद्दों पर हमेशा मुखर रहे हैं। सवर्ण समाज के लिए प्रमुखता से आवाज उठाई है, लगातार जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन विस्तार एवं सवर्ण समाज के मूलभूत मुद्दों पर प्रतिबद्धता जारी रहेगी।

## सोच-स्वभाव में बदलाव से स्वतः होगी साफ-सफाई

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत कामतानाथ परिक्रमा में 96वें अभियान में नगर पालिका के ईओ लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छ माहौल के प्रति प्रेरित करना है। रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने बताया कि अपने आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। धार्मिक स्थल या बाजार जायें या घर के आसपास स्वच्छता होनी चाहिए। जहां भी जायें वहां स्वच्छता



सफाई करते समिति के सदस्य।

का ध्यान रखें। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान स्वतः में अनूठा अभियान है। अभियान में सभी को शामिल होना चाहिए। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि खुद के स्वास्थ्य के प्रति लोगों की सोंच व स्वभाव में परिवर्तन लाने से साफ-सफाई स्वतः लोग करने लगेंगे। इस मौके पर जितेंद्र केसरवानी, जानकी कुशवाहा, राजेंद्र त्रिपाठी, अंकुर केसरवानी, विनोद कुमार, वीरेंद्र कुमार, नगर पालिका की टीम आदि ने सहयोग किया।

## गौवंशों के संरक्षण को आई धनराशि क्यों चढती है भ्रष्टाचार की भेंट

### बगरेही की गौशाला में खुले आसमान के नीचे हैं गौवंश

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अन्ना गौवंशों को आश्रय देने को सरकार ने बडे पैमाने पर गौशालाओं का निर्माण कराया है। अन्ना गौवंशो को संरक्षित करने को गांवों में स्थाई गौशालाओं व अस्थाई गौशालाओं में गौवंशों के भरण-पोषण को सरकार लाखों रुपए दे रही है। गौशालाओं में गौवंशों की दुर्दशा ये है कि चारा-भूसा छोडें, गौवंशों को पेयजल तक की




बगरेही की गौशाला।

व्यवस्था नहीं है। गौशालाओं की दुर्दशा का खुलासा रविवार को हुआ। बताया गया कि गौवंशों को ठंड में खुले आसमान के नीचे रखा जा रहा है, कोई जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा। मानिकपुर ब्लाक के बगरेही गांव की अस्थाई गौशाला में देखने को मिला कि प्रधान-सचिव की मनमानी से गौवंशों को ठंड में खुले आसमान के नीचे रखा जा रहा है।

ये गौवंश कभी भी मौत के आगोश में जा सकते हैं। गौवंशों के भरण-पोषण को भूसा-चारा छोडें, पेयजल की भी व्यवस्था नहीं है। गौवंशों के खाने को थोडी-बहुत पराली है। पेयजल को दो सीमेंटेड टब रखे हैं, जिन्हें पानी से भी नहीं भरा जा रहा। गौवंशों को बिना तिरपाल व पन्नी लगाए खुले आसमान के नीचे बांधे हैं। ठंड में गौवंश कांपते दिख रहे हैं। आखिर गौवंशों का संरक्षण, भरण-पोषण व रखरखाव सही ढंग से क्यों नहीं किया जा रहा। शासन से गौवंशों के संरक्षण, भरण-पोषण व रखरखाव को आई धनराशि किस मद में खर्च की जा रही है। तहसीलदार, बीडीओ, पशु चिकित्साधिकारी समेत संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के हस्ताक्षर के बाद धनराशि निकलती है। फिर भी गौवंशो को आई धनराशि भ्रष्टाचार की भेंट कैसे चढ़ जाती है।

## व्यापारी सम्मेलन में जिले में फैक्ट्री लगाने की होगी चर्चाः शानू

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की केंद्रीय कार्यालय शंकर बाजार में हुई बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने की। कहा कि सात जनवरी को दो दिवसीय प्रांतीय व्यापारी सम्मेलन की तैयारियों को लेकर ये बैठक की जा रही है।

रविवार को व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने कहा कि पर्यटन उद्योग व रोजगार के मद्देनजर उद्यमियों - उद्योगपतियों को सम्मेलन में प्रेरित करना है, ताकि जिले में बड़ी फैक्ट्री की स्थापना हो सके। पर्यटन की दृष्टि से चित्रकूट में व्यापार व रोजगार की मिसाल खड़ी हो। भाजपा/व्यापारी नेता



पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते शानू गुप्ता।

शानू गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों की एकजुटता मान-सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा को शोषण-उत्पीड़न मुक्त माहौल हो। इसी उद्देश्य से सात जनवरी को दो दिवसीय व्यापारी सम्मेलन हो रहा है। व्यापार संगठन पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां बांटी गई हैं। 21 सदस्यीय कोर कमेटी बनाई है, जिसमे मंडल मंत्री विनोद आर्य, प्रमोद जायसवाल, सुनील हड्डू गुप्ता, शेशू जायसवाल, विनोद केसरवानी, रविराज अग्रहरि, शकुंतला गुप्ता, मंजुला निषाद, पलटू केसरवानी, सीताराम श्रीवास्तव, नीलू अग्रहरि, छोटू जैन, जनार्दन चतुर्वेदी, सुनील जायसवाल, किशन सोनी, अमित गुप्ता, मो राज, पप्पू साहू, ब्रजेश सिंह पटेल, कुशल पाण्डेय, करामत अली, हरिशंकर गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता को शामिल किया है।

पचास पदाधिकारियों की सह कोर कमेटी बनाई जाएगी। इस मौके पर राजेश केसरवानी, नारायण दास गुप्ता, ललित जायसवाल, तनु अग्रहरि, दशरथ केसरवानी, सुनील सोनी, दिनेश गुप्ता, संजय सोनी, गरीबदास, बृजेश त्रिपाठी, अरुण कुमार गुप्ता, रूपेश निगम, विवेक, आनन्द, बाबा पाठक, राजेंद्र कुमार सोनी, संदीप कुमार, कल्पना चौरसिया, रिंकू, सीताराम केसरवानी, वीरेंद्र केसरवानी, सुरेश जयसवाल आदि व्यापारी व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शिक्षक राजू यादव इंटरनेशनल एक्सिलेंस अवार्ड से सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के उफरौली गांव के प्राइमरी स्कूल के प्रधानाध्यापक राजू यादव को 17 अगस्त को नई दिल्ली के विवंता होटल में देश के सभी क्षेत्रों मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं, शिक्षकों एवं चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े एक्सपर्ट को ग्लोबल चैम्बर ऑफ कन्ज्यूमर राइट ने सम्मानित किया।

उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले से शिक्षक राजू यादव को मिस्टर इलेम तेस्माये इतरिया देश में भारत के राजदूत/पूर्व जज सुप्रीम कोर्ट मिस्टर कुरियां जोसफ ने सम्मानित किया। राजू



जिले का गौरव बढाते शिक्षक राजू यादव।

यादव पिछले बीस वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के विकास एवं मोटिवेशन को पुरस्कृत हुए। राजू यादव मौजूदा समय में प्राइमरी स्कूल उफरौली रामनगर में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत है। विद्यालय के बच्चे केवल पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि खेलकूद मे भी गांव का नाम रोशन कर रहे है। प्रधानाध्यापक राजू यादव ने गांव मे बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने को लगातार अभिभावकों से सम्पर्क कर मोटिवेट करते हैं। नतीजतन गांव की लड़कियां हर क्षेत्र मे आगे बढ़ी है। राजू यादव विद्याधाम सद्गुरु सेवा संस्थान जानकीकुण्ड के मेधावी छात्र रहे है। ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े, लेकिन देश को विकसित राष्ट्र बनाने को बच्चों की मजबूत नींव रख रहे हैं।

## कूडा घर में नहीं तब्दील होगी मराठा इमारत

### अखंड भारत संदेश की खबर का असर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** आजादी के दीवानों के बलिदान स्थल मराठा कालीन इमारत परिसर को नगर पालिका ने कूडा घर में तब्दील कर दिया था। अखंड भारत संदेश में इस बाबत प्रमुखता से खबर छपने पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने नगर पालिका को मराठा इमारत परिसर पर कूडा डालने से सख्त मना कर दिया है। इससे नगरवासियों समेत मराठा इतिहास व कौशल पर गर्व करने वालों में खुशी का माहौल है। ज्ञात है कि नगर पालिका परिषद ने मराठा कालीन इमारत परिसर से जब से अवैध कब्जेधारकों को बेदखल किया था, तब से इमारत परिसर को कूडा घर में तब्दील कर दिया था।

ये मुद्दा नगर पालिका के पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव के उठाने पर अखंड भारत संदेश ने प्रमुखता से छापा था। मराठा कालीन इमारत परिसर कभी आजादी के दीवानों की बलिदान स्थली रही है। वहां कूडा-कचरा फेंकने से लोगों की भावनायें आहत हो रही थीं। इसे लेकर लोगों में आक्रोश उभर रहा था।

### जिलाधिकारी के प्रति लोगों ने धन्यवाद ज्ञापित किया

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका प्रशासन को मराठा कालीन इमारत परिसर को कूडा घर में तब्दील करने की सख्त मनाही कर दी है। दो दिनों से मराठा कालीन इमारत परिसर में नगर पालिका के सफाई कर्मी अब कूडा फेंकने नहीं जा रहे हैं। इससे लोगों ने जिलाधिकारी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## उत्पीडन से बचने को संगठन बनाये मजबूतः पूनम

**चित्रकूट।** जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष कामरेड पूनम व सुधा सिंह तरौंहा ने गर्गनपुरवा में महिलाओं की समस्याओं की जानकारी ली। रविवार को जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष का पूनम ने कहा कि मौजूदा माहौल में जिस तरह से महिलाओं-दलितों का उत्पीडन हो रहा है, सभी लोगों को संगठित होकर मजबूत संगठन की नींव रखनी है। बिना संगठन के महिलाओं-दलितों की समस्याओं का निदान सम्भव नहीं है। का पूनम ने कहा कि जब तक महिलायें अपने हक व अधिकारों की आवाज नहीं उठायेंगी, तब तक पुरूष मानसिकता के समाज में बराबरी का दर्जा नहीं मिल सकता है।

## 15 दिनों में हल करें पेंशनरों की समस्यायें: एडीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश शासन के वित्त एवं सामान्य अनुभाग-3 के प्रमुख सचिव के आदेश पर अपर जिलाधिकारी वन्दिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 17 दिसम्बर को जिले के विभागों के कार्यालयाध्यक्षों की मौजूदगी में पेंशनर्स दिवस में वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह की मौजूदगी में सभी पेंशनर्स संगठनों के पदाधिकारियों समेत अन्य पेंशनरों की बैठक हुई।

रविवार को बैठक में पदाधिकारियों व पेंशनरों ने अपनी समस्यायें व सुझाव रखे। निराकरण को पेंशनर्स दिवस की अध्यक्षता कर



बैठक में निर्देश देती एडीएम।

रहीं एडीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये।

पेंशनर्स दिवस में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार द्विवेदी, सेवानिवृत्त शिक्षक पंछीलाल, से नि लेखपाल कामता प्रसाद पाण्डेय, से नि स्वास्थय पर्यवेक्षक रामेश्वर पाण्डेय, अयोध्या प्रसाद, श्रीमती सुमन देवी, जगदीश प्रसाद, रामआसरे श्रीवास्तव, इस्तियाक अहमद, राजनारायण पाण्डेय, इंद्र नारायण श्रीवास्तव, रामबहादुर श्रीवास्तव, बाबूलाल, राधेश्याम सिंह, किशोरीलाल, अमीर हसन ने समस्यायें रखीं। एडीएम ने 15 दिनों के अन्दर निस्तारण के कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश दिये। अन्त में वरिष्ठ कोषाधिकारी ने अध्यक्षता कर रहीं एडीएम समेत मौजूद कर्मचारियों व पेंशनर्स को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, दिव्यांग कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक लेखाधिकारी जिला विकास कार्यालय, अग्रणी बैंक शाखा प्रबंधक, अवधेश प्रताप सिंह, विकास सिंह सचान, राजबहादुर, योगेन्द्र सिंह चन्देल, अशोक कुमार, राजेश कुमार भारती, संदीप कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### मऊ ब्लाक के चार सचिवों को नोटिस जारी

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ ब्लाक क्षेत्र के सचिवों पर भी जांच की आंच पहुंच गई है। 22 लाख रुपये से ज्यादा के भुगतान का कोई वैधानिक हिसाब न देने पर चार सचिवों को नोटिस जारी की गई है। रविवार को सभी को दस दिन का समय देकर ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यो में खर्च व भुगतान की रसीद जमा करने के आदेश जारी हुए हैं। डीपीआरओ कार्यालय से जारी नोटिस में मऊ ब्लाक क्षेत्र के चार सचिवों पर आरोप है कि ग्राम विकास के निर्माण कार्य में 22 लाख 82 हजार 134 रुपये के भुगतान का हिसाब नहीं दिया है। इस भुगतान की कोई वैध रसीद नहीं दिखाई। डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र ने बताया कि शिकायत के बाद जांच हुई तो संबधित सचिवों को नोटिस जारी की गई है। दस दिन के अंदर सचिवों से खर्च के विवरण की रसीद मांगी गई है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर इनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। ये भी बताया कि अभी कुछ और जांच जारी है।

## सुरक्षा समितियों के सदस्य जाडे की रातों में रहें सक्रिय - सीओ सिटी

### चौकी-थाना क्षेत्रों में भी हुई समितियों की बैठक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की अध्यक्षता व कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की मौजूदगी में लोढ़वारा गांव में ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर सीओ सिटी ने कहा कि ग्राम सुरक्षा का कार्य बदमाशों की घेराबन्दी, सूचना देना, बदमाशों पर हमला करने वाली समिति के सदस्यों की नई समिति बनायी।

रविवार को सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों को सर्दी के मौसम में सतर्क रहने के उपाय बताये। कहा कि ग्राम सुरक्षा समिति के सभी सदस्य जागरूक रहें। बदमाशों के आने पर उनकी घेराबन्दी कर पुलिस को सूचना दें। उन्होंने आकस्मिक हमले



समितियों को जागरूक करते सीओ सिटी।

से निपटने के भी उपाय बताये। इस मौके पर प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्य समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। इसी क्रम में जिले के विभिन्न थाना/चैकी प्रभारियों ने अपने-अपने थाना/चैकी क्षेत्रों में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक की। बैठक में सुरक्षा समिति के सदस्यों को पैनी नजर रखने की सलाह दी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जाडे की रातों के मद्देनजर सुरक्षा समितियों को सक्रिय रहने को कहा। समिति के सदस्यों को बताया कि गांव में सक्रिय रहे, ताकि सर्दी का लाभ उठाकर चोरी, छिनैती, लूट जैसी घटना न हो सकें। अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने को पुलिस से तालमेल बनाये रखें। इस मौके पर प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व समिति के सदस्य समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

## सीओ की देखरेख में एंटी रोमियो टीमें कर रही जागरूक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मिशन शक्ति-4 व शक्ति दीदी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर नोडल अधिकारी मिशन शक्ति/सीओ राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियों टीमों ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों व गांवों में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया।

रविवार को मिशन शक्ति व शक्ति दीदी ने सार्वजनिक स्थलो चैराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराने, महिलाओ-बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन, अभद्र टिप्पणियों की घटनाओं को रोकने को जागरुक किया। महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा बाबत फोन नम्बर बताये। थानों में महिलाओं की सुरक्षा/सहायता को महिला हेल्पडेस्क है। जहां महिला पुलिस कर्मी



महिलाओं को जागरूक करती पुलिस।

महिलाओं की शिकायतें सुन-समझकर निस्तारण करती हैं। मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा बाबत हेल्पलाइन नम्बरों के पंपलेट बांटे। सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने व क्षेत्र में कार्य करने, शिक्षा ग्रहण करने को प्रेरित किया। सोशल मीडिया पर प्राइवेसी रखते हुये प्रयोग करने की सलाह दी।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के प्रति प्रेरित किया। जिले में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड टीम के बारे में बताया। सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास टीमें तैनात रहती हैं, जहां महिलाओं-बालिकाओ का आवागमन होता है। ऐसे स्थलों को चिन्हित कर शोहदो/मनचलो की आपत्तिजनक हरकतो को रोकने को कार्यवाही की जाती है।

## अवैध प्रवासी घोल रहे अमेरिका के खून में जहर : ट्रंप



**न्यू हैंपशायर।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को एक बार फिर विवादित बयान दिया है। उन्होंने अपने ताजा बयान में बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों को देश के खून में जहर घोलने वाला बताया है। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद उम्मीदवार के दावेदार डोनाल्ड ट्रंप ने न्यू हैंपशायर में एक अभियान कार्यक्रम के दौरान अप्रवासियों को लेकर टिप्पणी की। उन्होंने अवैध रूप से अमेरिकी सीमा पार करने का प्रयास करने वाले प्रवासियों की रिकॉर्ड संख्या को लेकर आलोचना की। ट्रंप ने राष्ट्रपति चुने जाने पर अवैध अप्रवासन पर नकेल कसने का वादा किया। ट्रंप ने डरहम में एक रैली के दौरान कहा कि वे हमारे देश के खून में जहर घोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अप्रवासी दक्षिण अमेरिका के अलावा एशिया और अफ्रीका से अमेरिका आ रहे थे। पूरी दुनिया से वे हमारे देश में आ रहे हैं। सितंबर के अंत में प्रकाशित एक दक्षिणपंथी वेबसाइट द नेशनल पल्स के साथ एक इंटरव्यू के दौरान भी ट्रंप ने खून में जहर घोलने वाली बात कही थी।

## रूस-यूक्रेन ने एक-दूसरे पर किया ड्रोन से हमला

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच रविवार को लगातार दूसरे दिन एक-दूसरे के क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक ड्रोन से हमला किया गया। यूक्रेन ने जहां एक रूसी सैन्य हवाई अड्डे को निशाना बनाया। वहीं, काला सागर के पास यूक्रेनी नागरिक के घर पर ड्रोन का मलबा गिरने से उसकी मौत हो गई। रूसी रक्षा मंत्रालय ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि दक्षिण-पश्चिमी रूस के तीन क्षेत्रों में रात भर में कम से कम 35 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया गया। क्रेमलिन की आलोचना करने वाले एक रूसी टेलीग्राम चैनल के अनुसार, यूक्रेन में इस्तेमाल होने वाले बमवर्षक विमानों की मेजबानी करने वाला एक रूसी हवाई अड्डा भी निशाने पर था। इसमें कम ऊंचाई वाले आवासों के ऊपर उड़ते हुए ड्रोन के छोटे वीडियो पोस्ट किए हैं। इसमें दावा किया गया कि यह रूसी शहर मोरोजोवस्क है, जिसका हवाई अड्डा रूस की 559वीं बॉम्बर एविएशन रेजिमेंट का घर है।

रूस के रोस्तोव प्रांत के गवर्नर वसीली गोलूबेव ने अलग से मोरोजोवस्क और पश्चिम में एक अन्य शहर के पास बड़े पैमाने पर ड्रोन हमलों की सूचना दी, लेकिन हवाई अड्डे का उल्लेख नहीं किया। गोलूबेव ने कहा कि अधिकांश ड्रोन मार गिराए गए और कोई हताहत नहीं हुआ।

रविवार की सुबह, यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि उसने दक्षिणी और पश्चिमी यूक्रेन में रूसी सैनिकों द्वारा रात भर लॉन्च किए गए 20 ईरानी-निर्मित ड्रोनों को मार गिराया। साथ ही देश के कब्जे वाले दक्षिण से लॉन्च की गई एक एक्स-59 क्रूज मिसाइल को भी मार गिराया। यूक्रेन की सेना ने कहा कि यूक्रेन के दक्षिणी काला सागर तट पर एक प्रमुख बंदरगाह ओडेसा के पास रात में एक नागरिक की मौत हो गई, जब नष्ट किए गए ड्रोन के अवशेष उसके घर पर गिर गए।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार शाम को कहा था कि उसकी विमान भेदी इकाइयों ने क्रीमिया प्रायद्वीप पर 32 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। यूक्रेन की वायु सेना ने शनिवार को कहा कि उसने रूस द्वारा 11 यूक्रेनी के खिलाफ लॉन्च किए गए 31 में से 30 ड्रोन को मार गिराया था।

## हमास से लड़ाई में इजराइल के दो और सैन्य अफसर शहीद



**गाजा।** गाजा पट्टी में छिड़ी लड़ाई में इजराइल के दो सैन्य अधिकारियों की शहादत हो गई। यहां फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास और इजराइल के बीच सात अक्टूबर से युद्ध छिड़ा हुआ है। आज (रविवार) युद्ध 72वें दिन में प्रवेश कर गया।

इजराइल के प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार युद्ध के 71वें दिन शनिवार को लड़ाई के दौरान दो सैन्य अफसर 26 वर्षीय जोसेफ अवनेर डोरान और 24 वर्षीय शैलेव जल्ट्समैन शहीद हो गए। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने रविवार को इनके नाम और फोटो जारी किए हैं। आईडीएफ के अनुसार गाजा पट्टी में हमास के आतंकवादियों के खिलाफ जमीनी अभियान शुरू होने के बाद से अब तक सुरक्षाबलों के 121 जवानों की मौत हो गई। शनिवार को युद्ध क्षेत्र में अपना सर्वोच्च बलिदान करने वालों में मास्टर सार्जेंट (रिजर्व) यरुसलम के 26 वर्षीय जोसेफ अवनेर डोरान भी हैं। वह शायेटेट 13 कमांडो बल में कार्यरत थे। वह शनिवार को उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए। युद्ध के 71वें दिन दक्षिणी गाजा में रामत यिशाई के 24 वर्षीय सार्जेंट मेजर (रिजर्व) शैलेव जल्ट्समैन शहीद हो गए। वह 55वीं पैराट्रूपर्स ब्रिगेड के साथ युद्ध लड़ रहे थे।

# कतर की मध्यस्थता के बीच इजराइली बंधकों की रिहाई के लिए वार्ता शुरू



**यरुशलम।** इजराइली बंधकों को हमास के कब्जे से रिहा कराने के लिए कतर की मध्यस्थता वाली वार्ता एक बार फिर से शुरू हो गई है। इजराइल ने वार्ता शुरू होने की पुष्टि की है। वहीं इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने विजय होने तक गाजा में युद्ध जारी रखने का संकल्प दोहराया है। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइली सेना गाजा से जीत के बाद हटेगी, लेकिन वहां की सुरक्षा व्यवस्था इजराइल के नियंत्रण में रहेगी।

इजराइल में बंधकों की रिहाई के लिए बढ़ रहे जन दबाव और शुक्रवार को गाजा में इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में तीन बंधकों की मौत के बाद सरकार पर बंधक रिहाई के लिए प्रयास करने का दबाव बढ़ गया था। इसी के बाद कतर के प्रधानमंत्री मुहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी से इजराइली खुफिया संगठन मोसाद के निदेशक डेविड बर्निया ने मुलाकात की।

इस बार इजराइल की पहल पर वार्ता हो रही है, जबकि नवंबर के युद्धविराम से पहले हमास और मध्यस्थ के रूप में कतर व मिस्र ने पहल की थी। वार्ता का ताजा दौर शुरू होने के बाद हमास ने कहा, हमारी पहली शर्त गाजा में आमजनों पर इजराइल के हमले रोकने की है। मध्यस्थों को इस बारे में बता दिया गया है।

हमास के कब्जे में अभी भी लगभग 130 इजराइली बंधक हैं। बंधकों की रिहाई और युद्धविराम के लिए वार्ता के बीच गाजा में इजराइली सेना व हमास के बीच लड़ाई जारी है। इस लड़ाई में अभी तक 19,000 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, जबकि इजरायल के 121 सैनिक मरे हैं। सात अक्टूबर से जारी लड़ाई में 23 लाख की आबादी वाली गाजा पट्टी में 85 प्रतिशत लोगों को बेघर होना पड़ा है। घर नष्ट होने और जान बचाने के लिए लगभग 20 लाख लोग अस्थायी आवासों में रहने के लिए मजबूर हैं।

वेस्ट बैंक में इजराइली सुरक्षा बलों के हमले में रविवार को पांच फिलिस्तीनी मारे गए। इनमें से दो लोग तुलकार्म में मारे गए, जबकि तीन की मौत जेनिन में हुई। इजराइली सेना ने कहा है कि उसने वेस्ट बैंक में हथियारबंद अतिवादियों के खिलाफ कार्रवाई का स्तर बढ़ाया है।

# यूरोप जा रहे प्रवासियों से भरी नौका लीबिया तट के पास पलटी, 60 लोगों की मौत



**काहिरा।** लीबिया तट के नजदीक यूरोप जा रहे प्रवासियों की नौका पलटने से उसमें सवार कम से 60 लोगों की मौत हो गई, जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने यह जानकारी दी।

संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के अनुसार भूमध्य सागर के इस हिस्से में गुरुवार-शुक्रवार की रात नौका पलटने की ताजा घटना है। बेहतर जीवन की तलाश में अवैध रूप से यूरोप जाने की इच्छा रखने वाले अबतक हजारों लोगों की मौत हो चुकी है।

संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने एक बयान में बताया कि नाव 86 प्रवासियों को ले जा रही थी और तेज लहरों के कारण लीबिया के जुवारा शहर के नजदीक पलट गई और 61 लोग डूब गए। यूरोपीय संघ की सीमा एजेंसी ने रविवार को एक बयान में कहा कि उसके विमान ने गुरुवार शाम को लीबिया के नजदीक आंशिक रूप से खराब रबर की नाव का पता लगाया।

फ्रंटेक्स एजेंसी ने कहा, प्रतिकूल मौसम के कारण लोग गंभीर खतरे में थे, लहरें 2.5 मीटर की ऊंचाई तक उठ रही थीं। संकट में फंसे प्रवासियों के लिए एक हॉटलाइन ह्यअलार्म फोनह्न ने एक ट्वीट में कहा कि नौका पर सवार कुछ प्रवासी स्वयंसेवी समूह और लीबियाई तटरक्षक सहित अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। लीबियाई तट रक्षक के प्रवक्ता पूरे प्रकरण पर तुरंत टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी के प्रवक्ता फ्लेवियो डि जियाकोमो ने बताया कि इस वर्ष मध्य यूरोपीय इस मार्ग पर 2,250 से अधिक लोग मारे गए।

## गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल के सैन्य अभियान में कई लोग मारे गए



**गाजा।** गाजा पट्टी में युद्ध के 72वें दिन रविवार को फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के खिलाफ इजराइल का सैन्य अभियान जारी है। इजराइल की थल सेना हमास के ठिकानों की ओर तेजी से बढ़ रही है और वायु सेना बम बरसा रही है। ताजा हमलों में कई लोगों के मारे जाने की खबर है। प्रमुख समाचार पत्र द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, सुबह से इजराइल के सुरक्षा बलों के व्यापक हमले जारी हैं। हमास के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा के केंद्रीय शहर दीर अल-बलाह पर इजराइल के हवाई हमलों में कई लोग मारे गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि खान यूनिस के पूर्व में बानी सुहैला की दक्षिणी नगर पालिका, गाजा पट्टी के दूसरे शहर और हमास के गढ़ पर इजराइल ने हवाई और तोपखाने से हमले किए हैं। इजराइल के दूसरे अखबार द यरुशलम पोस्ट के अनुसार, सुबह उत्तरी वेस्ट बैंक में तुल्कर्म के पास नूर शम्स शरणार्थी शिविर में झड़पों के बीच आईडीएफ के ड्रोन हमले में दो फिलिस्तीनी मारे गए और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस बीच ईरान के रक्षामंत्री मोहम्मद रजा घेराई ने चेतावनी दी कि हूथी खतरे से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय नौसैनिक गठबंधन स्थापित करने के अमेरिका के किसी भी प्रयास को असाधारण समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

इस अखबार के अनुसार, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कतर के साथ बातचीत के सवाल पर फिर दुहराया है कि हमास को नष्ट करने का एकमात्र तरीका मजबूत सैन्य अभियान ही है। वह हमास को नेस्तनाबूत करके ही दम लेंगे। वह बंधकों को छुड़ाने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

## बांग्लादेश में पहाड़ी पर मिला बंदूक बनाने का कारखाना, चार गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में सात जनवरी को होने वाले आम चुनाव में हिंसा की आशंका के मद्देनजर अवैध हथियारों की बरामदगी के लिए शुरू किए गए रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) के अभियान में बड़ी कामयाबी मिली है। आरएबी ने कॉक्स बाजार के रामू उपजिला के अंतर्गत ईदगढ़ के तुलाटाली क्षेत्र में एक पहाड़ी के अंदर हथियार बनाने का कारखाना खोजा। यहां से चार लोगों को गिरफ्तार कर आग्नेयास्त्रों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जब्त की।

बांग्लादेश के प्रमुख अखबार ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, चुनाव आयोग के आदेश पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने देशव्यापी अभियान शुरू किया है। 23 दिवसीय यह अभियान 24 दिसंबर को पूरा होगा। आरएबी को कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान यह सफलता मिली। यह गिरोह देशभर में हथियार की आपूर्ति करता है। कारखाने से गिरफ्तार किए गए लोगों में साहबुद्दीन (40), लाल मिया (58) मेनुद्दीन (43) और जफर आलम (41) शामिल हैं। कारखाना का मालिक और मुख्य हथियार मैकेनिक मनिउल हक भूमिगत हो गया है। आरएबी-15 कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल एचएम सजाद होआसिन के अनुसार यह अपराधी गिरोह लंबे समय से अवैध रूप से आग्नेयास्त्रों का निर्माण कर उन्हें बदमाशों को बेच रहा था। यह कारखाना सुदूर पहाड़ी पर था। हथियार बनाने वाले भनक मिलते ही जंगलों में छिप जाते थे। प्राथमिक पूछताछ में गिरफ्तार लोगों ने स्वीकार किया कि उनके पिता और चाचा भी अवैध आग्नेयास्त्रों के निर्माण और बिक्री में शामिल थे। अखबार के अनुसार बांग्लादेश पुलिस ने नौ दिसंबर को सूचीबद्ध असलहा मैकेनिकों और व्यापारियों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस साल जनवरी और नवंबर के बीच देशव्यापी अभियान में 642 अवैध आग्नेयास्त्र बरामद कर 311 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# नेपाली सेना में विवादित चीनी कंपनी से महंगी और स्तरहीन सैन्य सामग्री खरीदने की प्रक्रिया शुरू

**काठमांडू।** नेपाली सेना ना सिर्फ महंगे दामों में, बल्कि कई देशों और यूएन मिशन में रिजेक्टेड सैन्य सामग्री चीन की कंपनी से खरीदने जा रही है। दक्षिण एशियाई और अफ्रीकी देशों को सस्ते हथियार बेचने वाली चीनी कंपनी से हथियार खरीदने के लिए नेपाली सेना ने लेटर ऑफ क्रेडिट (एलसी) खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

यह पहली बार नहीं है जब नेपाली सेना ने चीन से महंगे और घटिया सामान की खरीद प्रक्रिया शुरू की है, बल्कि सात महीने पहले भी इसकी प्रक्रिया शुरू की गई थी। तब इस बात की आलोचना होने के बाद कुछ समय के लिए इसे रोक दिया गया था। अब एक बार फिर से पिछले हफ्ते सेना ने चीनी कंपनी नॉर्थ इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन के साथ हथियार खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सेना ने 538,000 अमेरिकी डॉलर प्रति यूनिट की दर से 26 बख्तरबंद गाड़ियां (एपीसी), 250,000 अमेरिकी डॉलर प्रति यूनिट की दर से 72 सामरिक वाहन और 12.7 मिमी की 50 हजार बुलेट्स की खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी है।

सेना की तरफ से हिमालयन बैंक की मुख्य शाखा में एलसी खोलने के लिए आवेदन दिया गया है। हिमालयन बैंक पाकिस्तान के हबीबी बैंक का संयुक्त उपक्रम है। चीन इसी पाकिस्तानी बैंक पर दबाब डालकर नेपाली सेना का एससी खुलवाने का प्रयास कर रहा है। कुल 33 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सैन्य सामग्री खरीदने के लिए पांच एलसी खोलने का प्रस्ताव बैंक के पास भेजा गया है, जिसकी स्वीकृति के लिए केन्द्रीय नेपाल राष्ट्र बैंक से अनुमति लेने की प्रक्रिया में है। नेपाली सेना के प्रधान सेनापति प्रभुराम शर्मा के हाल ही में हुए चीन दौरे के बाद सेना ने एपीसी समेत सैन्य साजो-सामान खरीदने की प्रक्रिया शुरू की है। इस सम्बन्ध में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल ह्यप्रचंडह्न, रक्षा मंत्री पूर्ण बहादुर खड़का और प्रधान सेनापति शर्मा के बीच चर्चा होने के बाद यह प्रक्रिया शुरू की गई है। नेपाली सेना चीन की जिस कंपनी से एपीसी और अन्य सैन्य सामग्रियां खरीद रही है, वह बांग्लादेश, म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैंड और पाकिस्तान जैसे अन्य देशों में हथियार सप्लाई करती है, लेकिन हर जगह से शिकायत मिलने के बाद कई देशों ने इस चीनी कंपनी पर अपने यहां प्रतिबंध लगा दिया है।




**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।